हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026



### कबाड़ में तब्दील हो गए वॉटर कूलर, टंकी है पर पानी नहीं

# जनसहयोग पर फिरा पानी: शहर में वाटर कूलर बंद, राहगीर प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हफीज खान

**राजनांदगांव।** शहर के बाजार क्षेत्र में आने वाले लोगों, स्थानीय मजदूरों के लिए जनसहयोग के माध्यम से विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शहर के लगभग आधा दर्जन जगहों पर वाटर कूलर लगाया, जो देखरेख के अभाव में बंद होकर कबाड़ में तब्दील हो गए हैं। इन वाटर कूलर में टंकिया तो है, पर पानी नहीं है।

शहर की आम जनता को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न समाजसेवा संस्थाओं के सहयोग और नगर निगम के माध्यम से वाटर कूलर लगाया गया है। बताया जा रहा है कि वॉटर कूलर के लिए टंकी में पानी भरने नल पाईप लाइन के जरिये व्यवस्था की गई थी। जिसमें से अधिकांश नल अब बंद पड़े हैं। वहीं टंकी में पानी नहीं आने के चलते वॉटर कूलर का उपयोग नहीं हो पाया और असामाजिक तत्वों द्वारा इसमें लगे नल तोड़ दिए गए। जिससे अब यह वॉटर कूलर कबाड़ हो गया है।




### फ्लाई ओवर के नीचे तीन वाटर कूलर बंद

शहर के पुराना बस स्टैंड चौक से अंबेडकर चौक तक फ्लाई ओवर के नीचे चार वॉटर कूलर लगाए गए, ताकि शहर में आने वाले लोगों को निःशुल्क पेयजल सुविधा मिल सके, लेकिन इसमें से पुराना बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस चौक और अंबेडकर चौक में लगा वॉटर कूलर महीनों से बंद पड़ा हुआ है। वहीं भगत सिंह चौक में लगा वॉटर कूलर चालू तो है, लेकिन इसमें लगी मशीन खराब हो गई है। जिसके चलते यहां से लोगों को ठंडा पानी नहीं मिलता है। इसी तरह शहर के रेलवे स्टेशन के समीप भी लगे वॉटर कूलर की कूलिंग मशीन खराब हो गई है। जिससे यहां ठंडा पानी नहीं आता है।

### सार्वजनिक पेयजल सुविधा नहीं

गर्मी के दिनों में शहर में जगह-जगह लगने वाले प्याऊ घरों की संख्या भी धीरे-धीरे कम होती चली गई । अब शहर में एक-दो संस्थाओं द्वारा ही प्याऊ घर लगाया जाता है। वहीं सार्वजनिक निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था शहर में नहीं होने के चलते बाहर से आने वाले लोगों को दिक्कत होती है। शहर के लखोली निवासी विचार साहू और भटगांव निवासी बोधराम साहू ने कहा कि बाजार में कहीं भी सार्वजनिक पानी पीने की सुविधा नहीं है। फ्लाई ओवर के नीचे लगा वॉटर कूलर भी खराब हो गया है। जिससे आसपास के होटल में पानी मांगकर पीना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को दुरूस्त रखने के लिए सरकारी तंत्र को काम करना चाहिए।

### मेन्टेनेंस का अभाव

भगत सिंह चौक पर लगे वॉटर कूलर को लेकर जिला परिवहन संघ के राजू मेदी ने कहा कि उनके संघ द्वारा यहां पर वॉटर कूलर लगाकर दिया गया था, लेकिन कुछ महीना पहले यहां पर पाईप लाइन खोदे जाने से वॉटर कूलर में पर्याप्त पानी नहीं आता है। वहीं उन्होंने कहा कि टंकी की साफ-सफाई भी निगम के माध्यम से नहीं कराई जाती है। समय-समय पर वह स्वयं इसकी सफाई करवाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से यहां पर लगी वॉटर कूलर की मशीन भी बंद पड़ी हुई है।





### शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को ले भागा आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में अज्ञात आरोपी द्वारा 12 मार्च को एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका एवं आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत विवेचना के दौरान बालिका के बिरकोनी जलि महासमुंद में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को आरोपी राजकुमार वर्मा 21 वर्ष के कब्जे से बिरकोनी जलि महासमुंद से बरामद किया गया।

आरोपी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक शोषण किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



## खबर संक्षेप



### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** चेंदीबन नवागांव के स्कूल में शैलेन्द्र निषाद ने खम्हन निषाद की स्मृति, सौम्य निषाद का जन्मदिन एवं अनुकम्पा नियुक्ति पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को पुड़ी, सेवई, केला, अंगूर एवं खीरा खिलाया गया। इस दौरान कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, कविता ठाकुर, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, शैलेन्द्र निषाद, चित्ररेखा निषाद, इन्दु यादव, सोनीबाई यादव, महेश्वरी साहू, टोमिन यादव, देवकी ठाकुर, निरतन पटेल, रोशनी साहू उपस्थित थे।

### हिना संभालेगी कोषाध्यक्ष का दायित्व

**डोंगरगांव।** जिला भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित हो गई है।



महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़ ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, महामंत्री पवन साय, महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी के मार्गदर्शन और जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत की अनुशंसा में अपनी कार्यकारिणी में चार्टेड एकाउंटेंट हिना मंगल जैन को जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। वहीं नगर के आयुर्वेदिक चिकित्सक महेश गंजीर की धर्मपत्नी महेश्वरी गंजीर को बूथ मित्र प्रभारी बनाया गया है। मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर एलन साहू की नियुक्ति हुई है। इसी प्रकार अर्जुनी मंडल के अध्यक्ष पद पर ममता पटेल और तुमडीबोड में मेघा साहू की नियुक्ति की गई है। श्रीमती जैन सहित अन्य की नियुक्ति से महिला कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा जा रहा है।

### महिला आरक्षण का स्वागत

**डोंगरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रकल्प संयोजक विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। श्री ठाकुर ने विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, मजबूत एवं प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी मिलने से न केवल उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि नीति निर्माण में भी उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आने वाले समय में महिला सशक्त भूमिका निभाएंगी।

# तंगहाल जीवन गुजारते हुए राज परिवार की बेटी बेच रही चाय

## नेता भी ले चुके चाय का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बशीर खान

**मानपुर।** एक दौर में राजसी शानो शौकत के बीच रहने वाली राजपरिवार की बेटी बीते 40 साल से चाय की दुकान चला रही है। उसकी दुकान में उप मुख्य मंत्री और सांसद आकर चाय की चुस्की ले चुके हैं। सभी ने उसकी माली हालत को देखते हुए मदद करने का वादा किया किन्तु हुआ वहीं जैसा अब तक होते आया है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय बस स्टैंड में सतनबाई ऊइके की चाय की दुकान है। सतनबाई रणवीर सास की बहन है जो 15 वर्षों तक सरपंच रह चुके है। सतन बाई की चार संतान है जिसमें तीन लड़की और एक लड़का शामिल है। सबसे बड़ी लड़की का गंभीर बीमारी के चलते निधन हो चुका है। दो लड़कियां शादी के बाद ससुराल चली गई है तो लड़के की पत्नी वर्तमान में पंच है।



### नहीं मिली मदद

सतनबाई की दुकान में बड़े से लेकर स्थानीय नेता आकर चाय की चुस्की ले चुके हैं। सभी ने मदद का दिलासा तो दिया किन्तु अपने वादे पर अमल करते हुए किसी भी मदद नहीं दिलाया।

### जारी है बुढ़ापे में संघर्ष

राजपरिवार की बेटी सतनबाई पिछले 40 सालों से चाय दुकान चला कर गुजर बसर कर रही है। उसकी दुकान में बनने वाली चाय बरबस ही आम और खास लोगों को आकर्षित कर लेती है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के पुत्र और तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चाय का आनंद ले चुके हैं। उन्होंने बुजुर्ग महिला को सहयोग करने का आश्वासन दिया था। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उनकी य की दुकान में कार्यकर्ताओं के साथ आ चुके हैं।

## तस्वीर वायरल होने के बाद कांग्रेसजनों ने दर्ज कराया विरोध

# भारत रत्न इंदिरा गांधी की प्रतिमा का अपमान, देर रात मचा बवाल

## शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा के अपमान मामले को लेकर गुरुवार की रात बवाल मच गया। आक्रोश के हालात बनने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रशिक्षु आईपीएस ने मौके पर पहुंचकर बिजली के तारों को हटवाया वहीं नायब तहसीलदार ने सांस्कृतिक भवन को सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार धार्मिक और सामाजिक आयोजन के बने प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन को नगर पंचायत प्रशासन ने एक व्यापारी को सेल लगाने के लिए आबंटित कर दिया है। सेल में लाइट लगाया गया है किंतु वायरिंग के दौरान भारत रत्न इंदिरा गांधी की गरिमा को तार तार कर दिया गया। बिजली के तारों को श्रीमती गांधी के गले में फांसी के फंदे की तरह लपेट दिया गया था। इस आशय की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद गुरुवार की रात को बवाल मच गया।

### एफआईआर दर्ज करने आवेदन

देर रात ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, मंडल



अध्यक्ष डॉ नरेंद्र साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, पूर्व नपं उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर, पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षद सद्दाम खत्री, गोपाल टावरी, पूर्व पार्षद रौशन यदु, संजय मुटकुरे रितेश राजपूत आदि ने सेल संचालक सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए थाने में आवेदन दिया।



### देर रात हंगामा

तस्वीर वायरल होने के बाद कांग्रेसजन सांस्कृतिक भवन में जमा हो गए। इसी बीच नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर ने मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। एसपी के हस्तक्षेप बाद प्रशिक्षु आईपीएस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर प्रतिमा से बिजली के तारों को हटवाया। वहीं कांग्रेसियों की मांग पर अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने सांस्कृतिक भवन को सील कर दिया।

### मामला दर्ज

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेसजनों द्वारा सौंपे गए आवेदन के आधार पर सेल संचालक के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने धारा 196(क) और धारा 352 के तहत मामला दर्ज किया है।

# उपचार में लापरवाही कार्रवाई की मांग



- पीड़िता ने एसपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्षेत्र से एक गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्राम अछोली निवासी एक महिला ने कथित डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन, गलत दवाइयां देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार अछोली की कीर्ति डकहा ने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2024 में उसके शरीर में सामान्य गांठ होने की समस्या हुई थी। उपचार के लिए उन्होंने श्रीराम कृपा अस्पताल के डॉ महेश तिवारी से संपर्क किया। महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच के ही इलाज शुरू कर दिया।पीड़ति के अनुसार डॉक्टर ने प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए ऑपरेशन कर दिया। गलत दवाइयां देने से उसकी स्थिति लगातार बिगड़ते गई। वर्तमान में उनकी बीमारी गंभीर रूप ले चुकी है। महिला ने बताया कि इस प्रकरण में जिला चिकित्सा अधिकारी ने मात्र 20 हजार का आर्थिक दंड लगाकर मामले को समाप्त करने का प्रयास किया गया, जो अन्यायपूर्ण है। महिला ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# सफाई व्यवस्था की फाईल नगर पालिका से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- जनसुविधाओं की लगातार हो रही अनदेखी

नगर पालिका में जनसुविधा के नाम पर राशि के दुरूपयोग और सीएमओ की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। पालिका में पिछले दो साल से सफाई व्यवस्था मौखिक रूप से संचालित होने की जानकारी सामने आई है।

सूचना के आधार के तहत जानकारी मांगने पर फाईल गायब होना बता कर आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। नगर पालिका में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को नजर अंदाज करते हुए कार्य कराए जाने पर सामाजिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मयुर हत्थेल ने पालिका अधिकारी को



आडे. हाथ लिया है। श्री हत्थेल ने बताया की मिशन क्लीन सिटी के तहत कर्मचारियों को सुरक्षा सामान नहीं मिल रहे है। श्री हथेल ने शनिवार को शहर के चारों सेंटरों का दौरा कर कर्मचारियों से बातचीत किया। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें दो वर्षों से साड़ी एवं अन्य सुरक्षा सामग्री नहीं दिया गया था। हाल ही में केवल साड़ी दिया गया है किन्तु सेफ्टी उपकरण नहीं दिया गया है। जानकारी के अनुसार सफाई मित्रों से रजिस्टर में बिना विवरण के हस्ताक्षर करा लिया गया है। आरोप है कि रजिस्टर में 17 अक्टूबर 2025 दर्ज कर सामग्री वितरण दर्शाने का प्रयास किया गया है।

### सुपरवाइजर नियुक्ति पर सवाल

गाइडलाइन के अनुसार सुपरवाइजर का चयन स्वसहायता समूह के सदस्यों में से होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में कार्यरत सुपरवाइजर किसी भी स्वसहायता समूह से जुड़ा नहीं है। इसके अलावा यह भी सामने आया कि कुछ कर्मचारी अन्य स्थानों पर कार्यरत हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कई सफाई मित्रों की ड्यूटी प्रशासनिक अधिकारियों के घरों में लगाई जा रही है, जो नगरीय प्रशासन के नियमों के विपरीत है।

# योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पतंजलि योग समिति हरिद्वार के मार्गदर्शन में 25 दिवसीय योग सह शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राज्य प्रभारी श्रीराम शर्मा ने किया। इसी कड़ी में शिविर उपरांत मां बमलेश्वरी मंदिर धर्मशाला में पतंजलि योग समिति ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर राज्य प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि दिनचर्या में योग, प्राणायाम और साधना का विशिष्ट स्थान है। इसके माध्यम से हम शरीर को स्वस्थ रखने के साथ तनाव मुक्त जिंदगी गुजार सकते हैं। समिति के सानिध्य में 25 महिला और 24 पुरुषों ने योग शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त किया जिन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

अध्यक्षता करते हुए मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। निधि शर्मा ने ध्यान और योग के लाभ के बारे में जानकारी दी।

शिक्षक अशोक साहू के नेतृत्व में छात्रों ने योग आसन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डीसी एडे, विश्वनाथ यादव, हेमंत साहू, संतोष टेमरे, श्रीनिवास जनबंधु, सतीश तिवारी, सत्येंद्र बिसेन, अशोक शिंदे, हीरालाल मौर्य, मोहन शर्मा, कमल अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मोहन शर्मा, मनोज दम्मानी, भुनेश्वर वैष्णव, डी साहू, महावीर भंडारी, भीष्म ठाकुर, शिशुपाल भारती, डॉ चंद्राकर, श्री वर्मा, भगवानदीन साहू, रजनी भाटिया, गुलशन खांडेकर, दीप्ति अग्रवाल, रूपा टिंबुरकर, विद्या सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रतिभास्थली विद्यापीठ का परिणाम बेहतर

**डोंगरगढ़।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित प्रतिभास्थली चंद्रगिरि ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में छात्राओं ने उत्कृष्ट



सफलता प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर 11, 80 से 89 प्रतिशत अंक 26, 70 से 79 प्रतिशत अंक 18 और 60 प्रतिशत से अधिक अंक 5 छात्राओं ने प्राप्त किया। विद्यालय संचालकों और दीदियों ने सभी कामयाब छात्राओं को बधाई दी है।

### अश्लेषा ब्लाक में प्रथम

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर की कक्षा दसवीं की



छात्रा अश्लेषा चक्रवर्ती ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में 96.4 फीसदी अंक के साथ ब्लाक में प्रथम स्थान हासिल किया। अश्लेषा चक्रवर्ती शुरु से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसकी शानदार सफलता पर पिता प्रसन्नजीत चक्रवर्ती, माता खुशबू चक्रवर्ती के साथ नीरज विद्या मंदिर के शिक्षकों आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# महिलाओं ने निकाली जन समर्थन रैली



**डोंगरगढ़।** विकासखंड मुख्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जनजागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर सशक्तिकरण का संदेश दिया । पदयात्रा रैली महावीर तालाब से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक से होते हुए गोलबाजार में संपन्न हुई। रैली के दौरान नारी शक्ति ने नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया। हस्ताक्षर अभियान चलाकर अपना समर्थन दिया। महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पालिक अध्यक्ष रमन डोंगरे, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, रेखा वाघोरते, जसमीत सिंह बन्नोआना, विनय बंसल, पुष्पा गायकवाड़, पूर्णिमा साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, सुषमा कोठारी, कनक दुबे, बबिता, शिवांगी, शारदा यादव, लक्ष्मी यादव सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## नगर पंचायत ने पारित किया बजट

# बजट में नया कर नहीं, साढ़े आठ लाख के लाभ का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बुधवार को वित्तीय वर्श 2026- 27 का प्रावधानित बजट पेश किया। लाभ का बजट पेश करते हुए अध्यक्ष ने बताया की कि नागरिको पर अतिरिक्त कर रोपित नहीं किया गया है। अध्यक्ष ने 8 लाख 50 हजार के लाभ का बजट पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

नगर पंचायत के बजट में कुल 28 करोड 87 लाख 17 हजार का प्रावधान रखा है जिसमें राजस्व आय 9 करोड 60 लाख, पूंजीगत आय 19 करोड़ 26 लाख का प्रावधान रखा है। बुधवार को सामान्य सभा में बजट के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, उमा निषाद, किशुन पटेल, झरनेश कुंभकार, सुरेश नेताम, गोपीचंदा देवांगन, उषा यादव, सीएमओ विजय पांडेय आदि उपस्थित थे।



### राजस्व बढ़ाने पर जोर

नगर पंचायत अध्यक्ष मानिकपुरी ने कहा कि हम नागरिको पर कोई नया कर नहीं थोप रहे हैं और न ही प्रचलित करो में वृद्धि कर रहे है लेकिन निकाय को आत्म निर्भर बनाने के लिए आवश्यक हश्कि हम अपनी आय को बढाए। इसके लिए काम्पलेक्स निर्माण, चौपाटी सहित राजस्व प्राप्त करने के लिए अन्य नए निर्माण कराने की आवश्यकता है। निकाय ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है।

### करों में वृद्धि नहीं

जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट में नया कर आरोपित नहीं किया है और किसी कर में वृद्धि की गई है। नए वित्तीय वर्ष में नगर पंचायत की प्राथमिकता मूलभूत सुविधाओ के विस्तार के साथ मुक्तिधाम उन्नयन, सड़क, नाली के विस्तार आदि शामिल है। अध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 4 में नया अस्पताल एवं गार्डन जाने वाले मार्ग में नाली एवं सडक तथा वार्ड 1, 2, 14, 15 में मेरेगांव से राजीव गांधी चौक एवं राजीव गांधी चौक से शिवनाथ पुल तक नाला निर्माण कराने का प्रावधान रखा है। इसके अलावा जल आवर्धन योजना प्रांरभ होने तक नलकूपों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराना उनकी प्राथमिकता है।

# पीएम सड़क का हुआ वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

विकासखंड छुरिया अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री सड़क का वर्चुवल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। इस दौरान चंद्रिका प्रसाद डडसेना, रविंद्र वैष्णव, गोपाल भुआर्य, अनिता मंडावी, बीरम मंडावी, रेखा गंधर्व, उभे मंडावी, खिलेश्बर साहू, दीनदयाल साहू मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूवात में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि ग्राम करमरी से ग्वालिनडीह, नवागांव से मासुलजोब तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया है।




### गांव का होगा तेजी से विकास

श्री सिन्हा ने बताया कि सड़क का निर्माण केवल विकास कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारे उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव है। श्री डडसेना ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। जहां सड़क अच्छी होती है, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि सड़क के निर्माण से बारिश के दिनों में आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी। । इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता पीएस मिश्रा, सीईओ जनपद होरीलाल साहू, एके सिंग, सुशील सावरकर, आलोक खोब्रागढ़े, नीलम सेन सहित अन्य उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सफाई का समय बदलने की मांग

**डोंगरगढ़।** भीषण गर्मी से सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वंचित शोषित समाज ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समया बदलने की मांग की है। संगठन के प्रदेश सचिव नरेश करसे वाल्मीकि ने ज्ञापन में कहा कि तपती सड़कों पर घंटों झाड़ू लगाने वाले सफाई कर्मी, विशेषकर महिला कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने मानवीय आधार पर त्वरित कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कर्मचारियों को धूप से बचाने के लिए सफाई सुबह 6 बजे से 11 बजे तक करने, महिला कर्मचारियों की डयूटी सामान्य कार्यों में लगाने, पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

### कलेक्टर ने भरा स्व-गणना फार्म

**खैरागढ़।** जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुचारू व सफल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्वयं स्व-गणना फार्म भरकर सकारात्मक पहल की। अपने कार्यालय कक्ष में प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आम नागरिकों से भी इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला आधार स्तंभ है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के संतुलित वितरण और विकास कार्यों की प्राथमिकता निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### चर्चा से रूबरू होगी जनपद अध्यक्ष त्रिपाठी

**खैरागढ़।** महिला सशक्तिकरण की दिशा मे मोदी सरकार द्वारा जल्द लागू करने वाले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल के समर्थन मे जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी दिल्ली पहॅुची। सांसद संताकेष पांडेय द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र से जिन पांच महिला नेत्रियों को दिल्ली प्रवास के लिए आमंत्रित किया गया है उसमे शामिल जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी ने महिला आरक्षण को दूरदर्शी और ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि महिलाओ को निर्णय प्रक्रिया मे सशक्त भागीदारी करने का अवसर मिलेगा। महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद भवन मे विधेयक पेश करने के दौरान श्रीमती त्रिपाठी मौजूद रहेगी। उन्होंने इसे पूरे जिले की महिलाओ के लिए उपलब्धि बताते हुए ऐतिहासिक निर्णय को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य सभी का आभार व्यक्त किया है।

### आटो डायवर्सन के मामले में खैरागढ़ प्रदेश में तीसरा

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राजपत्र असाधारण प्रकाशन दिनांक 22 दिसम्बर 25 अनुसार छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण व पुनर्निर्धारण नियम के प्रभावशील होने के बाद से इसके तारतम्य में भूमि व्यपवर्तन के सभी आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हो रहे है जिसका निराकरण आनलाईन पोर्टल से ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम तहत निर्धारित समय सीमा में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण व पुनर्निर्धारण नियम के प्रभावशील दिनांक से अब तक न्यायालय को 26 आवेदन मिला जिसमें से 16 आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर किया जा चुका है। एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि शासन के मंशा अनुरूप ऑटो डायवर्सन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जा रहा है। ऑनलाईन पोर्टल में व्यपवर्तन आवेदन की प्रक्रिया को लेकर लोक सेवा केन्द्र के संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया है साथ ही आवेदन प्रक्रिया की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है। आवेदकों द्वारा आवेदन प्रक्रिया में कोई समस्या होने पर कार्यालय में पदस्थ रीडर द्वारा समस्या का निराकरण किया जा रहा है जिसके चलते व्यपवर्तन प्रकरणों के निराकरण के मामले में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शासन स्तर पर तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

### अवैध गुटखा फैक्ट्री के संचालक पर सवा लाख का अर्थदंड

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अवमानक एवं मिथ्याछाप खाद्य पदार्थों के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी सीएल मार्कण्डेय ने ग्राम जोरातराई निवासी भंवरलाल चौधरी, दीपक नगर जिला दुर्ग निवासी राम जुमनानी एवं गुरूमुख जुमनानी द्वारा अवमानक एवं मिथ्याछाप पान मसाला निर्माण करने पर 1 लाख 25 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई के कोपेडीह मार्ग स्थित पान मसाला निर्माण इकाई का निरीक्षण कर पान मसाला एवं अन्य खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गए। जिनमें अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान पान मसाला (खुला), कत्था पाउडर (खुला), तंबाकू, भूनी हुई सुपाडी, ठंडाई, एलपी प्लस एसेंस खुला, लाइम पाउडर पैक्ड, केसरयुक्त सितार, माणिकचंद, प्रीमियम वजीर गोल्ड पान मसाला पदार्थ सहित अन्य सामग्री के नमूने संदेह के आधार पर एकत्रित कर राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए थे। प्रयोगशाला जांच में उक्त नमूने अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए गए। जिसका जांच प्रकरण तैयार कर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी सीएल मार्कण्डेय द्वारा प्रकरण की सुनवाई के पश्चात संबंधित संचालक ग्राम जोरातराई निवासी भंवरलाल चौधरी, दीपक नगर जिला दुर्ग निवासी राम जुमनानी एवं गुरूमुख जुमनानी को दोषी पाते कुल 1 लाख 25 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

---

### जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को खुली चर्चा के लिए किया प्रोत्साहित

# एसपी की मौजूदगी में थाना दिवस समस्या शिकायत का निराकरण

## साइबर फ्राड के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान थाने में एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा की मौजूदगी सहित जिले के सभी थानो व चौकी में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और आम लोगो को थानों में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझाव पर खुली चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा ने स्वयं छुईखदान थाने में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया साथ ही साइबर फ्रॉड एवं नए आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी। वही महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा साइबर अपराध संबंधित जानकारी देते हुए साइबर संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों व वार्डो में साइबर जागरूकता, यातायात जागरूकता का आयोजन करने आवश्यक निर्देश दिया। आम जन को यह भी बताया गया कि साइबर संबंधी धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और यदि अनजान नंबर से बार बार धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है तो संचार क्रांति के चक्षु नामक पोर्टल पर शिकायत करे।




### अपराधिक गतिविधियों को नहीं मिलेगा पनपने का अवसर

थाना दिवस का आयोजन कर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि पूरे जिले में शराबखोरी, नशेबाजी और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना दिवस का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन मे पुलिस व आम नागरिकों के मध्य संबंधों को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है और साथ ही उनकी समस्याओं और चिंताओं के त्वरित निदान,जागरूकता अभियान, सूचना साझा करने आयोजन सभी थानों में प्रत्येक माह के पहले व तीसरे गुरुवार को आयोजित की जाएगी।

### शिकायतों पर दिया त्वरित एक्शन का आदेश

जिला पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी थाना दिवस पर अलग अलग थानों में जाकर समस्याओं के निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम ने गंडई और मोहगांव थाने में, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार ने गातापार जंगल थाने में, एसडीओपी गंडई मानक राम कश्यप ने जालबांधा चौकी मे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रमेश चंद्रा ने बकरकट्टा और साल्हेवारा थाने में एसडीओपी खैरागढ़ आशारानी ने ठेलकाडीह थाने में उपस्थित होकर क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का तत्काल निराकरण किया साथ ही नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया वही इनसे बचाव का उपाय बताया। थाना दिवस कार्यक्रम दौरान पुलिस अधिकारियो को सबसे ज्यादा शिकायत शराब बिक्री, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, मादक पदार्थ जैसे गांजा, नशीली दवाइयों का सेवन, यातायात नियमों की अनदेखी, नशे मे ड्राइविंग, साइबर संबंधी समस्या, शैक्षणिक संस्थानो के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने, मवेशी संबंधित अव्यवस्था सहित सडक दुर्घटना के संबंध को लेकर मिली जिस पर त्वरित कारवाई सुनिश्चित करने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साइबर, महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों का शीघ्र निराकरण करने कहा गया।

---

### अटल आवास के पीछे अवैध निर्माण तोड़ा

**राजनांदगांव।** शहर में अवैध निर्माण के अलावा अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर समझाईस देकर तोड़ने एवं हटाने की कार्रवाई कर रही है। अतिक्रमण दस्ता गुरुवार को केशर नगर अटल आवास के पीछे अवैध निर्माण तोड़, शंकरपुर पानी टंकी के पास अवैध होडिंस बोर्ड हटाने के अलावा सृष्टि कालोनी में पाईप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर केबल वायर जब्ती की कार्रवाई की। शहर के चौक-चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला-खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला-खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में जहां केशर नगर में निर्मित अटल आवास के पीछे नाली के उपर अवैध निर्माण से पानी निकासी बंद होने पर उक्त निर्माण तोड़ा गया। वहीं शंकरपुर पानी टंकी के पास बिना अनुमति अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स बोर्ड तोड़ने की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सृष्टि कालोनी में पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के पास एयरटेल कंपनी द्वारा केबल वायर बिछाने के दौरान पाईप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर फाईवर केबल वायर की जब्ती की गई। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगाएं। यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

---

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी देखने को मिली। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए नए पंख मिल गए हों। टिकरी पारा स्थित मंगल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति लवली शर्मा थी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं और निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

### दीवार पर हस्ताक्षर

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने दीवार पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेल्फी प्वाइंट पर महिलाओं ने सेल्फी और वीडियो बनाकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ज्योति जंघेल, डॉ साधना अग्रवाल, भोज भारती, त्रिवेणी पटेल, माधुरी जंघेंल, शीतल जैन, प्रीति, नीलिमा गोस्वामी, पुष्पा जंघेल, राजश्री, वंदना टांडेकर, सोनिया दुबे, इंद्राणी, ज्योति साहू, शकुन यादव, अंजली देवांगन, ममता साहू, ऋतु साहू, प्रिया तिवारी, ज्योति पटेल, सकुन यादव, ममता साहु, अंजली देवांगन, पार्वती साई, रबिता नागवंशी, ज्योति पटेल सहित अन्य उपस्थित थी।

### दसवीं में वैभव यादव 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम



**खैरागढ़।** केंद्रीय विद्यालय मे कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र वैभव यादव ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया।

वैभव यादव व्याख्याता भूपेन्द्र यादव यादव व व्याख्याता रानी यादव के सुपुत्र व शिक्षक राजू यादव के भांजे है। शुरू से मेधावी वैभव यादव की उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, परिवार व समाज ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

---

## नवागांव क्षेत्र में आयुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साफ-सफाई का जायजा लेने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर रोज सफाई देख साफ-सफाई में जोर देने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करने के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं मलमा मंडप के तहत कार्रवाई करने तथा नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे हैं। उनके द्वारा नवागांव का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने के अलावा गोलबाजार में सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बाजार में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।



### उद्यान तथा कुआं के आसपास रखें साफ-सफाई

आयुक्त श्री विश्वकर्मा गुरुवार को सुबह नवागांव क्षेत्र में साफ-सफाई का निरीक्षण कर गलियों व सड़कों की सफाई के अलावा उद्यान तथा कुंआ के आसपास साफ-सफाई रखने कहा। उन्होंने उद्यान में कचरा नहीं फैलाने तथा कुंआ में कचरा न डाल आसपास साफ-सफाई रखने लोगों को समझाईस देने कहा। उन्होंने सफाई दरोगा से कहा कि वार्ड में सफाई के अलावा उद्यान, कुंआ, तालाब के आसपास की भी सफाई करें। उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय की नियमित सफाई के अलावा पानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संचालक को निर्देशित किया। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि सफाई के साथ-साथ अतिक्रमण करने या मटेरियल रखने वालों को समझाईस देवे, अपालन पर कार्रवाई करें।

### झिल्ली, पन्नी का उपयोग न करें

गोल बाजार में साफ-सफाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि चूंकि बाजार भीड़भाड़ वाला इलाका है, जिसे ध्यान में रखकर यहां सफाई में जोर दिया जाए। फल व सब्जी विक्रताओं को कचरा गाड़ी में डालने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस दें। उन्होंने गोलबाजार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक शौचालय देख शौचालय के शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर कार्य करने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किया।

---

### हर्बेरियम रेजिन आर्ट पर दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशानुसार सहायक प्राध्यापक एनके देवांगन व डॉ जेके साखरे के मार्गदर्शन में वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा हर्बेरियम रेजिन आर्ट हैंड्स ऑन प्रशिक्षण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को हर्बेरियम निर्माण की पारंपरिक व आधुनिक तकनीकों से अवगत कराते हुए उनकी रचनात्मकता व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना था। कार्यशाला मे विद्यार्थियों ने रेजिन आर्ट के माध्यम से हर्बेरियम तैयार करने की व्यावहारिक विधियां सीखीं जिससे उनकी कौशल क्षमता व विषय के प्रति समझ में वृद्धि हुई।

कार्यशाला संयोजक वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष भबीता मंडावी ने हर्बेरियम को कला से जोड़ते हुए शिक्षा में नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान कालेज स्टाफ सहित बड़ी संख्या मे विभागीय स्टुडेंट्स मौजूद थे।

---

## गौशाला संचालन पर रायपुर में बैठक, डॉ. अखिल हुए शामिल, कार्ययोजना पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजधानी के पंडरी स्थित संघ कार्यालय में प्रदेश स्तर पर गौशाला संचालकों की बैठक हुई। गौ सेवा गतिविधियों को मजबूत करने और 1 मई से शुरू होने वाले मेरा परिवार गौव्रती अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा और गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेश्वर पटेल की मौजूदगी में आयोजित बैठक में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, संचालन की चुनौतियों और समाधान पर भी विस्तार से विचार हुआ। धरमपुरा स्थित मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने गौ सेवा से जुड़े मुद्दों पर बात रखी साथ ही फसल अमृत गौ आधारित जैविक कृषि से सभी गौशाला संचालकों को अवगत



कराया। चर्चा में अक्षय तृतीया के दिन देशभर में गौ उत्पाद विक्रय दिवस मनाने की तैयारी, भूमि सुपोषण अभियान और समाज के अधिक लोगों को गौशालाओं से जोड़ने जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही नई गौशाला शुरू करने की योजना बना रहे लोगों को भी आमंत्रित किया गया।

### गौशालाओं के संचालन में दिखेगा असर

बैठक का सीधा असर प्रदेश की गौशालाओं के संचालन पर दिखेगा। मेरा परिवार गौव्रती अभियान के जरिए आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश होगी। इससे गौशालाओं को आर्थिक और सामाजिक समर्थन मिलेगा। गौशालाओं को लंबे समय तक आत्मनिर्भर बनाने गौ उत्पाद विक्रय दिवस मनाने से आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। डॉ अखिल जैन ने बताया कि अभियान 1 मई से पूरे प्रदेश में शुरू होगा। इसका मकसद हर परिवार को गौ सेवा से जोड़ना है। इसमें लोग नियमित सहयोग, सेवा या गौ उत्पाद उपयोग के जरिए भागीदारी कर सकेंगे। अभियान के जरिए गौशालाओं के लिए स्थायी सहयोग तंत्र तैयार करने की योजना है, ताकि संचालन में आने वाली आर्थिक चुनौतियों को कम किया जा सके।

---

### वार्षिक दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन

# नवोदय व सैनिक स्कूल के लिए चयनित विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्रापं देवरी स्थित केजऊराम चौरे स्मृति विद्या मंदिर के वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चारों विद्यालयों से जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू और विशिष्ट अतिथि पत्रकार दिनेश साहू थे। मुख्य अतिथि टंकेश्वर प्रसाद साहू ने चयनित विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय अपने



उत्कृष्ट परिणामों के कारण एक विशिष्ट पहचान बना रहा है।

यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है, जिसके परिणामस्वरूप हर वर्ष विद्यार्थियों का चयन हो रहा है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अत्यंत आवश्यक हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की रुचि और परिस्थितियों को समझें और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। गरीबी को कभी भी शिक्षा में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक माली बगीचे में पौधों की देखभाल कर विभिन्न प्रकार के फूल खिलाता है और वही फूल आगे चलकर सुगंध फैलाते हैं, उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दिनेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कुम्हार की तरह होते हैं, जो मिट्टी को अपनी कला से सुंदर आकार देता है। उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देकर उनका भविष्य संवार सकते है। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणों सहित अभिभावक मौजूद थे।

---

# खालसा पब्लिक स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खालसा पब्लिक स्कूल में 10 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं की छात्रा रीतराज कौर ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ नगर में प्रथम तथा जिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

सिख एजुकेशन सोसाइटी, खालसा पब्लिक स्कूल के संयुक्त प्रयास से इस वर्ष कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सिख एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह अरोरा ने कहा कि संस्था का उददेश्य केवल पाठ्य ज्ञान प्रदान करना नही बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। अध्यक्ष श्री अरोरा सहित समिति के सदस्य और प्राचार्य शिवप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विद्यालय ने छात्रों के भविष्य निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। शिक्षकों के समर्पण से कम्प्युटर एप्लीकेशन में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है।



### शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रथम स्थान हासिल किया

जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में रीतराज कौर, पुष्पांजलि साहू, आशी अग्रवाल, यिक्षा साहू, गुंजामणी साहू, आकांक्षा राकेश, संजना निषाद शामिल है। उन्होंने बिना टयुशन के शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुष्पांजलि साहू एवं यिक्षा साहू ने हिंदी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में आकर अपने अथक प्रयास से उत्कृष्ट सफलता प्राप्त किया है। प्राचार्य तथा विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### देविका ने बढ़ाया मान



**राजनांदगांव।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में देविका शेन्डे ने 92.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर माता-पिता और अन्य परिजनों सहित शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी है।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2025-26 कक्षा 12वीं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से लक्ष्य की सीमा में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण समय-सीमा में वृद्धि की गई है। सत्रांत 31 मार्च के पूर्व लक्ष्य 336 के विरूद्ध प्राप्त 300 पात्र आवेदन की अंतरिम सूची जारी की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं अन्य जानकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित शैक्षणिक संस्थान से प्राप्त की जा सकती है।

### खनिजों का अवैध परिवहन, की जा रही कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज



विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम सुरगी, सिंघोला, करमतरा, सोमनी, धीरी, सांकरा, जोरातराई, मुढ़ीपार, भर्रेगांव तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम ढारा, मोहारा, अंडी, चिद्दो, शिवपुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें भंडारपुर निवासी सत्यपाल निषाद के स्वामित्व की ट्रैक्टर स्वराज सोल्ड लाल रंग से भंडारपुर निवासी वाहन चालक टीकम निषाद द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया। इसी तरह खपरवाड़ा निवासी लोकेश कुमार चंद्राकर के स्वामित्व की हाईवा 12 चक्का सीजी-04-केपी-9255 से ग्राम पलारी निवासी वाहन चालक हेमप्रकाश तथा ग्राम बोरसी निवासी जितेन्द्र साहू के स्वामित्व की हाईवा 12 चक्का सीजी-07-सीएन-2697 से ग्राम परसदा निवासी वाहन चालक दिनेश कुमार साहू द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार नागपुर निवासी अंकित भाई सूद के स्वामित्व की ट्रक 12 चक्का एमएच-40-सीडी-4770 से ग्राम बरबसा निवासी वाहन चालक विनय कुमार पटेल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते थाना सुरगी को सुपुर्द किया गया।

### नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने शुक्रवार को शहर के



आजाद चौक क्षेत्र में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देशित करते कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। महापौर ने कहा कि नाली निर्माण कार्य शहर की स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे समय-सीमा में पूर्ण करना आवश्यक है। उन्होंने वार्डवासियों से भी सहयोग की अपील करते कहा कि निर्माण कार्य उनकी सहमति और सहभागिता से ही किया जाए। जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण होने से घर की पानी निकासी के साथ-साथ बारिश का पानी निकासी में भी आसानी होगी।

## एबी केबल में फाल्ट होने के चलते स्ट्रीट लाइट बंद, जमकर की नारेबाजी

# गौरीनगर क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या वार्ड पार्षद के साथ विद्युत विभाग का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर वार्ड में लो-वोल्टेज की समस्या और एबी केबल में फाल्ट होने के चलते स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। इस मामले को लेकर स्थानीय पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में विद्युत विभाग का घेराव किया गया।

गौरीनगर वार्ड के लोगों ने विद्युत मंडल का घेराव करते प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय पार्षद के साथ विद्युत मंडल का घेराव करने पहुंचे गौरीनगर वार्ड के लोगों ने यहां बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर आक्रोश जताया। वहीं उन्होंने कहा कि समस्या ठीक नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### भीषण गर्मी में हो रही समस्या

वार्ड पार्षद द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सूचना देने के बाद भी विभाग द्वारा सुधार कार्य नहीं कराया गया है। जिसके कारण नागरिकों को अंधेरा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही महादेव नगर में भी कभी भी लो-वोल्टेज के कारण घर का पंखा तक नहीं चल रहा है। इस भीषण गर्मी में नागरिकों का जीना दूभर हो गया है। गौरीनगर में लगाए गए एबी केबल जगह-जगह गर्म होने के कारण जल गया है, जिस कारण बिजली बंद हो जाती है और कुछ स्थानों पर दिन में सड़क बत्ती जलती है।

### एक माह से फॉल्ट

कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद हफीज खान ने कहा कि लगभग एक माह से वायर में फाल्ट होने के चलते स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि लगभग 20-25 दिन से दुर्गा मंदिर मुख्य मार्ग से लेकर आदर्श स्कूल तक की स्ट्रीट लाइट बंद हो गई है। निगम द्वारा सुधार कार्य के दौरान पता चला कि क्षेत्र की एबी केवल जगह-जगह से चिपकने के चलते समस्या है। वहीं उन्होंने बताया कि महादेव नगर में लो-वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं।

### सुधार कार्य कराने की मांग

भीषण गर्मी के बीच लो-वोल्टेज की समस्या होने के चलते यहां के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत मंडल में शिकायत के बाद भी स्थाई सुधार कार्य नहीं किए जाने से लोगों में आक्रोश नजर आ रहा है। वार्डवासियों ने अपने प्रदर्शन के दौरान तत्काल केबल बराल को अलग-अलग कराकर सुधार कार्य कराने मांग की है। इस दौरान वार्ड के पूर्व पार्षद समद खान, अभिमन्यु मिश्रा, मेवालाल बमभोले, इरफान अली, देवेंद्र पीटर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# व्यापारियों के साथ महापौर ने किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के व्यापारियों को उनके थोक दुकान संचालन के लिए थोक मार्केट निर्माण करने महापौर मधुसूदन यादव ने शुक्रवार को निगम पदाधिकारियों तथा चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ नंदई फ्लाईओवर के पास स्थल निरीक्षण किया।

महापौर श्री यादव ने थोक मार्केट निर्माण के लिए व्यापारियों को जानकारी देते अन्य पहलुओं पर चर्चा की। संबंधित भू-स्वामी द्वारा भूमियों के सममूल्य के बराबर योजना क्षेत्रांतर्गत निकाय द्वारा सममूल्य के बराबर सम्पत्ति (दुकान/भूखंड) देने की सहमति प्रदान की गई। जिससे थोक मार्केट निर्माण का रास्ता आसान हो रहा है।

व्यापारियों ने कहा कि बाईपास रोड होने के कारण ट्रैफिक मुक्त स्थल है तथा पार्किंग के अलावा भारी वाहनों से समान लाने ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मार्केट निर्माण के लिए ड्राईंग डिजाईन, अनुमानित लागत राशि की भी जानकारी मिल जाए, तो व्यापारियों को दुकान लेने में सुविधा होगी।

निरीक्षण के दौरान राजेश जैन रानू, आलोक श्रोती, सावन वर्मा, राजा माखीजा, संदीप बघेल, हेमंत शेखर यादव, अरूण साहू, सतीश साहू, शरद सिन्हा, राजेश यादव, कमलेश बैद, विनोद डड्ढा, अरूण डुलानी, ज्ञानचंद बाफना, शिव अग्रवाल, यूके रामटेके, गरिमा वर्मा, ज्योति साहू, राजेश मिश्रा, मिलिन्द रेड्डी सहित व्यापारीगण उपस्थित थे।

# घर में चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने घर में प्रवेश कर गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी के मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी का सामान बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 अप्रैल को प्रार्थिया ने लिखित आवेदन दिया कि 12 अप्रैल को वह ईलाज कराने राजनांदगांव गई थी। उसके बाद अपने रिश्तेदार के यहां रूक गई। 15 अप्रैल को दोपहर घर वापस आई तो देखी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था। घर में रखे इंडेन कंपनी का गैस टंकी, की-पैड मोबाइल, एक बोरी चांवल, नगदी रकम को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर थाना घुमका में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### घुमका पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में घुमका पुलिस द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर टेक्निकल एनालिसिस करते संदेही तक पहुंच, संदेही सुरेश मारकंडे निवासी छोटे बिरेझर से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया व अपने साथ ग्राम गाडाडीह थाना बोरी जिला दुर्ग निवासी दिलेश्वर चतुर्वेदी भी चोरी में सहयोग करना बताने पर दिलेश्वर चतुर्वेदी को हिरातस में लेकर पूछताछ किया गया, जो चोरी में सहयोग करना स्वीकार किए। चोरी के संबंध में खुलासा करते आरोपी के निशानदेही में कब्जे से एक नग गैस सिलेंडर, एक बोरी चावल, नगदी 22000 रुपए, की-पैड मोबाइल बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया है।

# केशाल में नवीन पैक्स सोसायटी का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में 515 नवीन पैक्स सोसायटियों का ऐतिहासिक शुभारंभ किया गया। यह महत्वाकांक्षी पहल राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इसी क्रम में जिला राजनांदगांव के ग्राम केशाल में भी नवीन पैक्स सोसायटी का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव की उपस्थिति रही।



इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष धनंजय साहू, जनपद पंचायत सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद पंचायत सदस्य बालमुकुंद कुंजाम, सरपंच सोनिया हिरेन्द चंद्रवंशी, भाजपा मंडल गैंदाटोला उपाध्यक्ष कुमार साय साहू, समाजसेवी तिलोचन साहू, गजेन्द्र साहू, पंचराम साहू, महेश चंद्रवंशी, चित्रांगण साहू, मनीष त्रिपाठी, धनश्याम साहू, भगवती साहू, शैलेन्द्री सिन्हा, अजय साहू, गोमती साहू, बिसरूराम चंद्रवंशी, प्यारेलाल मंडावी, नारायण साहू, कमलकांत चंद्रवंशी, डोमेन्द सिंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि पैक्स सोसायटी किसानों की आर्थिक उन्नति का मजबूत आधार बनेगी। जिसके माध्यम से खाद-बीज वितरण, सुलभ ऋण सुविधा, समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी, भंडारण एवं अन्य सहकारी सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव, गरीब और किसान के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा "अंत्योदय" की भावना के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर रामेश्वर, बिहारीराम, महेश चंद्रवंशी, भूषण साहू, कुंवलराम धनकर, संजय कुमार, भोलाराम साहू, यादवराम साहू, राजेश साहू समेत कृषकगण, युवा साथी, जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सृजित होंगे रोजगार के नए अवसर

नवीन पैक्स सोसायटियों की स्थापना से आसपास के गांवों के किसानों को कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जिससे गांवों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस पहल का स्वागत करते इसे किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय बताया।

# मलपुरी में जयंती समारोह पर कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव।** डॉ. अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल पर अजाक्स चला गांव की ओर अभियान के तहत राजनांदगांव ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य गांव मलपुरी में भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। परिक्षेत्र स्तरीय जयंती समारोह में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज संगठन के सहयोग से बालक-बालिकाओं ने संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम दिया।



आदिवासी अधिकारों पर चर्चा करने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का आदिवासी समाज के लिए योगदान" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। अजाक्स जिला राजनांदगांव द्वारा कक्षा पहली से 12वीं तक के बालक-बालिकाओं को कॉपियां एवं स्टेशनरी का वितरण किया गया। जयंती के आरंभ में महामानवों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर डॉ आंबेडकर द्वारा प्रदत्त आदिवासी संवैधानिक अधिकारों पर वक्ताओं ने विचार रखा। अजाक्स के संरक्षक सीएल चंद्रवंशी, अध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य, पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे, सचिव वीरेंद्र रंगारी, उपाध्यक्ष भूषण भुआर्य, सह-सचिव प्रशांत सुखदेवे, खेमलाल देशलहरे, शीतल टंडन, देवसिंह अमेला, जयनारायण भुआर्य, रितेश रंगारी ने विचार व्यक्त किया। सभा को सरपंच पीताम्बर कतलम और सामाजिक अध्यक्ष प्रहलाद उइके ने भी संबोधित किया।

# नायब तहसीलदार के साथ धक्का-मुक्की खेद व्यक्त करने पहुंचे कांग्रेस नेता

**राजनांदगांव।** जिले के सिंघोला क्षेत्र में बीते मंगलवार की रात मोटर साइकिल सवार महेंद्र साहू की सड़क हादसे में मौत के बाद हुए चक्काजाम के बीच कानून व्यवस्था के लिए पहुंचे नायब तहसीलदार के साथ धक्का-मुक्की का मामला सामने आया था। इसके बाद गुरुवार को कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा इस मामले में कार्रवाई को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर दुर्व्यवहार के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव निखिल द्विवेदी को नामजद किया गया था।

आज कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर दुर्व्यवहार के इस मामले में खेद व्यक्त किया है। वहीं मृतक के परिवार के लिए उचित सहायता राशि प्रदान करने मांग की है।

सड़क हादसे के बाद सिंघोला



क्षेत्र में कानून व्यवस्था के लिए मौजूद नायब तहसीलदार के साथ आंदोलनकारी ग्रामीणों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। मौके पर मौजूद निखिल द्विवेदी और उनके कुछ अन्य समर्थक भी उग्र हो गए। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा कहा गया कि नायब तहसीलदार राकेश नागवंशी अपनी टीम के साथ मौके पर उपस्थित थे। इस बीच कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी एवं उनके समर्थकों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ न केवल तीखी बहस की गई, बल्कि शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए श्री नागवंशी के साथ अमर्यादित व्यवहार, धक्का-मुक्की और अभद्रता की गई।

### खेद व्यक्त करने से हुआ समझौता

इस मामले में नायब तहसीलदार राकेश कुमार नागवंशी ने कहा कि कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, इसके लिए उन्होंने आज माफी मांगते हुए खेद व्यक्त कर दिया है। इस मामले में जिला संघ ने खेद व्यक्त करने कहा था। खेद व्यक्त करने से समझौता हो गया है।

### मृतक परिवार के लिए मांगी सहायता

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि मृतक महेंद्र साहू की तीन बेटियां हैं। जिसमें से एक राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी खिलाड़ी है। उन्होंने मांग की है कि मृत के परिजन को आर्थिक सहायता दिया जाए और राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बेटी को रोजगार दिया जाए। वहीं उन्होंने नायब तहसीलदार के साथ हुई धक्का-मुक्की के मामले को लेकर कहा कि घटना के दौरान लोग आक्रोशित थे और धक्का-मुक्की हो गई थी। जिसके लिए हमने खेद व्यक्त किया है।

# आपरेशन मुस्कान व तलाश में 21 गुमशुदा को पुलिस ने खोजा

- पुलिस टीम की संवेदनशील कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला केसीजी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान, तलाश के तहत 21 गुमशुदा लोगों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा। जिससे उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी का माहौल है।

पुलिस के अनुसार अप्रैल माह में आपरेशन तलाश एवं आपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश राज्य सहित छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिला में जाकर लगातार कार्रवाई करते आपरेशन मुस्कान में जहां 8 बालक-बालिकाओं को बरामद किया। वहीं आपरेशन तलाश के तहत 21 गुमशुदा व्यक्तियों को मिलाने में सफलता मिली।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई

पुलिस के अनुसार थाना खैरागढ़ से आपरेशन मुस्कान में 1 बालिका एवं आपरेशन तलाश में 3 गुमशुदा व्यक्ति, थाना छुईखदान से आपरेशन मुस्कान में 3 बालिका एवं आपरेशन तलाश में 8 गुमशुदा व्यक्ति, थाना गडई से ऑपरेशन मुस्कान में 3 बालिका एवं आपरेशन तलाश में 8 गुमशुदा व्यक्ति, थाना साल्हेवारा से आपरेशन मुस्कान के तहत 1 बालिका, थाना ठेलकाडीह से आपरेशन तलाश के तहत 1, थाना गातापार आपरेशन तलाश के तहत 1 गुमशुदा व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने में सफलता पाई।

# आरोग्य मंदिर में कलेक्टर ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 16 अप्रैल को राजनांदगांव विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुरगी में स्वस्थ जीवनशैली अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित प्रातःकालीन योगाभ्यास कार्यक्रम का निरीक्षण किया और योगाभ्यास सत्र में शामिल हुए। उन्होंने योग लाभार्थियों को नियमित योग करने प्रोत्साहित करते कहा कि विशेषकर 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।

कलेक्टर ने गैर संचारी रोगों में योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि वर्तमान की भाग-दौड़ भरी जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं मोटापे जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इनसे बचाव के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों को प्रतिदिन कम से कम 30 से 45 मिनट योगाभ्यास करने की सलाह दी।



### हर बुधवार को आयोजन

स्वस्थ जीवनशैली अभियान अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष ) में योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास तथा अन्य सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रति बुधवार योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्रशिक्षकों की सराहना

कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं अन्य योजनाओं की जानकारी ली तथा योग लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने योग सत्र में उपस्थित अभ्यासियों के अनुशासन एवं उत्साह की सराहना करते प्रशिक्षकों द्वारा सिखाए जा रहे विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम की विधियों का अवलोकन किया और योग सत्रों को नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार सुबह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुरगी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक दिवस के लिए अलग-अलग रंग के बेडशीट निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार रखने के निर्देश दिए, ताकि अस्पताल में बेहतर प्रबंधन एवं स्वच्छता बनी रहे। एनसीडी जांच शिविर में आने वाले मरीजों को नियमित रूप से योग करने प्रेरित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# विस अध्यक्ष रमन ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

## पूर्व सांसद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ विकास कार्यों का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द में विभिन्न विकास कार्यों का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा वर्चुवल के माध्यम से भूमिपूजन किया गया।

मुख्यातिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, अतिथि मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के उपस्थित में भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विकास कार्यों में 20 लाख सामुदायिक भवन, 5 लाख सार्वजनिक शौचालय, 5 निर्मलाघाट निर्माण, 5.20 लाख पचरी निर्माण, 5.20 सीसी रोड निर्माण, 2.50 किचन शेड, 2.60 पीचिंग निर्माण, 5 लाख मैदान समतलीकरण, 5 उदयन



निर्माण, 5 लाख मंच निर्माण, 6 लाख तालाब गहरीकरण, 10 लाख डाबरी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा वर्चुवल एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के मुख्यातिथि, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, भोथीपारखुर्द सरपंच जितेंद्र साहू, सरपंच दिल्लू साहू, भोथीपारखुर्द उपसरपंच पाशपल साहू, पंच रितेश साहू, भानमती साहू, प्रीति साहू, झुनिया विश्वकर्मा, कविता विश्वकर्मा, टाकेशवारी साहू, साहू समाज अध्यक्ष गोपाल साहू, भवाल साहू, युगलाल साहू, शिवकुमार साहू सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## सार समाचार

### बाबा साहेब की जयंती पर विविध आयोजन

**राजनांदगांव।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती पर शहर के बसंतपुर वार्ड नं. 46 के बौद्ध विहार में परंपरागत रूप से विविध कार्यक्रम हुए। समाज के सभी वर्गों ने जयंती के मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महिलाओं और युवतियों की भागीदारी भी जयंती के उपलक्ष्य में नजर आई। जयंती मनाने के लिए जुटे सामाजिक बंधुओं ने सर्वप्रथम तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। तत्पश्चात बाबा साहेब की मूर्ति के समक्ष मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। इसके बाद बौद्ध विहार में पंचशील गाया गया। समाज के वरिष्ठ और सक्रिय सदस्यों ने भीमराव डॉ. आम्बेडकर की जीवन संघर्ष को एक व्याख्यान के रूप में प्रस्तुत किया। युवाओं को संबोधन में यह बताया गया कि नशा ही समाज के आर्थिक तरक्की का एक प्रमुख बाधा है। इससे युवा पीढ़ी के साथ-साथ समाज को भी सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। जयंती के मौके पर विजय मेश्राम, संजय मेश्राम, अजय मेश्राम, पिंटू वासनिक, प्रदीप मेश्राम, मुकेश मेश्राम, कल्याणी बंसोड़, प्रियंका मेश्राम, वैशाली, आकांक्षा मेश्राम, माधवी मेश्राम, कल्पना मेश्राम, संतोष खोब्रागढ़े, दीपक सूर्यवंशी, प्रणव मेश्राम, रूपेश मेश्राम, संतोष सूर्यवंशी समेत समाज की महिलाएं व युवतियां भी बड़ी संख्या में शामिल थे।



### भटकी महिला को सुरक्षित परिजनों को सौंपा

**राजनांदगांव।** मानसिक रूप से कमजोर महिला सोमनी बस्ती में भटककर आ पहुंची थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला के परिजनों की पतासाजी कर उसे सुरक्षित सुपुर्द किया।

सोमनी पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल को शाम करीबन 4 बजे सोमनी बस्ती में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला ग्राम सोमनी बस्ती में भटकते हुए पहुंची थी, जिसे ग्रामीणों द्वारा डायल-112 में फोन कर थाना सोमनी लेकर आने पर महिला से पूछताछ कर अपना नाम व निवासी स्थान ग्राम अमोदी थाना खरोरा बलौदाबाजार भाठापारा की रहने वाली बताई। हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में उक्त महिला के बताए अनुसार उसके गांव में संपर्क कर उनके परिजनों को सूचित किया गया एवं उसके ससुर निवासी ग्राम अमोदी थाना खरोरा जिला रायपुर को सकुशल सुपुर्दनामे पर दिया गया।

### चाकू-डंडा से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पुरानी रंजिश के चलते चाकू-डंडा से मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत विगत दिवस प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने दोस्त के साथ चिखली से शंकरपुर जा रहा था कि बजरंग चौक झरना के पास आरोपी अमन डोंगरे, विधि से संघर्षरत बालक तथा 1 अन्य आरोपी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की नीयत से लकड़ी का डंडा से मारपीट कर प्रार्थी के दोस्त को चाकू से वार कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में चौकी चिखली पुलिस द्वारा टीम तैयार कर आरोपियों के सकुनत एवं छिपने के स्थानों में दबिश दिया, जो घटना के बाद से गौरीनगर आउटर में छिपे होने की सूचना पर चारो तरफ से घेराबंदी कर आरोपी अमन डोंगरे उर्फ अमन डोरे 18 साल 3 माह शंकरपुर वार्ड नं. 10 पुलिस चौकी चिखली एवं विधि से संघर्षरत बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### नाबालिग अहमदाबाद से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने नाबालिग को अहमदाबाद से बरामद किया। वहीं इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। 27 मार्च को प्रार्थी द्वारा थाना खैरागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री जो अपनी नानी के गांव थाना खैरागढ़ क्षेत्र में आई हुई थी, को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) भा.न्या.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी एवं अपहता की पतासाजी की गई। 14 अप्रैल को अहमदाबाद के ओढव थाना क्षेत्र अंतर्गत आदिनाथ गोकुलनगर सोसायटी में दबिश देकर घेराबंदी की गई। मौके पर आरोपी पिंटू बंजारे 18 वर्ष निवासी डोकराभाठा थाना खैरागढ़ को हिरासत में लिया गया तथा उसके कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया।

### रिद्धी-सिद्धी कालोनी में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**राजनांदगांव।** रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस-1 में आयोजित साप्ताहिक टैलेंट सर्च क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलने से आपसी सामाजिक सौहार्द्र विकसित होता है। नगर की कालोनियों में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। विशेष अतिथि पार्षद डुरेंद्र साहू उपस्थित थे।



विशेष अतिथि पार्षद डुरेंद्र साहू ने कहा कि सीमित साधनों के बीच इतना अच्छा आयोजन करना काबिले तारीफ है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि यह टूर्नामेंट टैलेंट सर्च था। जिसमें कालोनी के स्त्री-पुरुष और बच्चे मिलकर छह टीमों में विभाजित किए गए थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेंटेटर नेहा साहू सहित अन्य महिलाओं चंद्रा राय, संगीता कोठारे, प्रीति शर्मा, रंभा पांडे, विजया पिल्ले ने विशेष सहयोग दिया। इसी प्रकार गोल्डी भदौरिया, दीपेश पांडेय, कृष कोडवानी, राजेश राठी, मुकेश राठी, जयंत पिल्ले आदि ने संयोजक के रूप में काम किया।

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पर किया गया निराकरण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है, ताकि आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में



राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मासूल में 250 मीटर और आश्रित ग्राम मानपुर में 200 मीटर पक्का नाली निर्माण एवं ग्राम पंचायत जुरलाखुर्द के आश्रित ग्राम खपरीचमार में 200 मीटर पक्की नाली निर्माण के लिए जनदर्शन में आवेदन प्राप्त हुआ था। कलेक्टर के निर्देश पर प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा वर्तमान में प्रगतिरत नवीनीकरण सड़क कार्य के साथ-साथ मांग की गई नाली निर्माण कार्य को जोड़ा गया है। वर्षाकाल पूर्व नाली निर्माण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 136 सहकारी समितियों का शुभारंभ, 97 हजार किसानों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते 136 नई सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक पहल से जिले के करीब 620 गांव के 97 हजार 305 किसानों को खाद, बीज, ऋण सहित अन्य सहकारी सुविधाएं अब पहले से अधिक आसान और सुलभ रूप में मिल सकेगी। उद्घाटन अवसर पर किसानों ने खुशी जताते पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अंतर्गत बुधवार को अंजोरा में आयोजित कार्यक्रम में 136 नई समितियों का एक साथ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में लिया गया ऐतिहासिक कदम है। नई समितियों के गठन से अब किसानों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि वर्षों से किसान मांग कर रहे थे कि मौजूदा बड़ी समितियों से अलग नई समितियां बनाई जाए, ताकि भीड़भाड़, दूरी और असुविधा से छुटकारा मिल सके। अब सरकार ने किसानों की इस मांग को पूरा कर दिया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने किसानों की उनसे सीधी बातचीत कराई।



### गांवों में मिलेगी सहकारी सेवाएं: बघेल

सचिन सिंह बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में किसानों को राहत पहुंचाने लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। नई समितियों का गठन भी इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि किसानों को ऋण, खाद-बीज वितरण और अन्य सहकारी सेवाएं सरलता से समय पर मिले, ताकि खेती-किसानी को मजबूती मिले। नई समितियों के गठन से कई गांव के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### राहत भरा फैसला

किसानों ने डॉ. रमन सिंह से बात कर गौरव महसूस किया और नई समितियों के गठन के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। किसानों ने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद राहतभरा है, क्योंकि अब उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूर स्थित समितियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने कहा कि नई समितियों के खुलने से अब खेती-किसानी के कार्य पहले से आसान हो जाएंगे। उन्हें समय पर खाद-बीज और ऋण मिल सकेगा। किसानों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

## विकास कामों के जरिये बदलेगी गांवों की तस्वीर: डॉ. रमन

# पंचायतों को विकास कामों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज रायपुर स्थित विधानसभा निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 15 विभिन्न स्थानों पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 59 ग्राम पंचायतों में 9 करोड़ 78 लाख 20 हजार रुपए की लागत से 154 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ग्राम पंचायत रानीतराई में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि एक साथ कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की शुरूआत होना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों को बधाई देते कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी शीघ्र ही सभी ग्रामों का दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करेंगे तथा नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे। ग्राम अचानकपुर-भाटापारा, नवागांव एवं गठुला में अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का लोकार्पण किया गया है।



### महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण

डॉ. सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े प्रावधानों का उल्लेख करते कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

### बुनियादी सुविधाओं का होगा विस्तार : अभिषेक सिंह

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के पंचायतों में लगभग 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके लिए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि वर्षा जल संचयन और भू-जल रिचार्ज के लिए सामूहिक प्रयास करें, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पीएम आवास योजना ग्रामीण से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पक्के आवासों का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना से गरीब परिवारों के पक्के घर बनाने का सपना पूरा हो रहा है।

### 59 गांव में लोकार्पण कार्यक्रम

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से ग्राम पंचायत भर्रेगांव से महापौर मधुसूदन यादव, ग्राम पंचायत सुकुलदैहान से जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, फुलझर पंचायत से अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड योगेश दत्त मिश्रा, जंगलेसर पंचायत से जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, ठाकुरटोला पंचायत से खूबचंद पारख, डीलापहरी पंचायत से अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मार्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, टेड़ेसरा पंचायत से विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सिंघोला पंचायत से जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू एवं जनपद सदस्य खुशबू साहू, खुटेरी पंचायत से पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास रमेश पटेल एवं जनपद सदस्य दुर्गेश साहू, फरहद पंचायत से विवेक साहू एवं जनपद सदस्य पुष्पा उईके, अचानकपुर भांठापारा पंचायत से कोमल सिंह राजपूत एवं जनपद सदस्य पूर्णिमा साहू, भोथीपारखुर्द पंचायत से सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू, मनकी पंचायत से पुष्पा गायकवाड़ एवं रमेश चंद्राकर, सुरगी पंचायत से लीलाधर साहू एवं आनंद साहू, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर, विरेन्द्र साव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।

### चोरी की दो बाइक बरामद आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई

**राजनांदगांव।** चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर दो बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया के अंतर्गत धारा 303(2) बीएनएस के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान 16 अप्रैल को एक व्यक्ति बस स्टैंड छुरिया के पास कम कीमत पर मोटर साइकिल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा बस स्टैंड के पास पहुंचकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति दिखने पर घेराबंदी कर पकड़कर उसका नाम-पता पूछने पर मूलचंद सिन्हा उर्फ रवि 26 साल निवासी मोहबा का रहने वाला बताया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि वह 2 मार्च को ग्राम बोईरडीह रोड किनारे खड़ी हुई मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स को चोरी कर चलाते ले जा रहा था। मोटर साइकिल में पेट्रोल खत्म होने पर उस मोटर साइकिल को छुरिया चिचोला रोड बापुटीला चौक के पहले पेड़ के नीचे रखना तथा 5 अप्रैल को शासकीय शराब भट्टी चंदैनीडीह के चखना दुकान के सामने खड़ी मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स को चोरी करना, मोटर साइकिल ले जाते समय पेट्रोल खत्म होने पर गौरी नाला पुलिया के पास झाडियों में छिपाकर रखने का कथन देने पर आरोपी मूलचंद सिन्हा उर्फ रवि के निशानदेही में मोटर साइकिल को 16 अप्रैल को जब्त किया।

# किराये की राशि ने बढ़ाई अलग डिमांड गांवों में हो रही शराब दुकान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के कई गांव से अब शराब दुकान खोलने की मांग आने लगी है। जिसके पीछे की बड़ी वजह आबकारी विभाग के दुकान के लिए दी जाने वाली किराये की राशि है। शराब दुकान खोलने के लिए विभाग द्वारा लगभग 30 से 40 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस राशि को पंचायत अथवा ग्राम समिति द्वारा उपयोग किया जा रहा है। जिसके चलते अब जिले में शराब दुकान का विरोध नहीं, बल्कि शराब दुकान की मांग हो रही है।

बीते दिनों जिले के गैंदाटोला क्षेत्र में शराब दुकान को नहीं हटाने और चिचोला क्षेत्र के रंगीटोला एवं नारायणगढ़ में शराब दुकान खोलने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला कार्यालय पहुंचे थे। हैरानी की बात यह है कि शराब दुकान खोलने की मांग करने के लिए केवल पुरूष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी बढ़-चढ़कर सामने आ रही है। बीते दिनों घुमका क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान का विरोध भी देखने को मिला था, लेकिन अब यहां के ग्रामीण शराब दुकान खुलने के बाद इसके समर्थन में एकजुट हो रहे हैं।



### महिला प्रशिक्षण भवन में शराब दुकान!

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि नगर पंचायत घुमका में शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए नगर पंचायत घुमका में पूर्व संचालित महिला प्रशिक्षण भवन, जो कि वर्तमान में बिना किसी कार्य के बंद रखा गया है। इस भवन के किराये के एवज में आबकारी विभाग द्वारा नगर पंचायत घुमका को प्रतिमाह 30 हजार रुपए किराया देने हेतु एग्रीमेंट किया गया है। उपरोक्त किराया राशि से नगर पंचायत घुमका को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश खांडेकर ने कहा कि यहां बीते सप्ताह शराब दुकान खोली गई है।

# राजनांदगांव की छात्रा हिमांशी साहू का हुआ इसरो में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएमश्री सर्वेश्वर दास राजनांदगांव की छात्रा हिमांशी साहू का चयन इसरो में हुआ है। इसरो युविका 2026 (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम) कार्यक्रम कक्षा 9वीं के छात्रों के लिए निःशुल्क दो सप्ताह का आवासीय ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों से परिचित कराना है। मई 2026 में शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में एसटीईएम शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए इसरो केंद्रों में विशेषज्ञों के नेतृत्व में व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है।

हिमांशी साहू कक्षा 9वीं सर्वेश्वर दास की छात्रा है। जिसके पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। माता हाउस वाइफ है। कड़े संघर्ष और मेहनत के बलबूते यह मुकाम हासिल किया। इस उपलब्धि पर जिलाधीश जितेंद्र यादव, जिला



पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, डीएमसी सतीश ब्योहरे ने आशीर्वाद दिया एवं बालिका को इसरो में जाने व आगे पढ़ाई में कोई बाधा न आए, हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। विद्यालय परिवार की ओर से एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित घोष ने बालिका की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लू से बचने सतर्कता एवं जागरूकता जरूरी

# पारा पहुंचा 44, हीटवेव का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री पर जा पहुंचा है, यह न केवल प्रदेश में सबसे गर्म है, बल्कि देश के भी टॉप पांच गर्म शहरों में राजनांदगांव शामिल है।



ऐसे में इस गर्मी के दिनों में लू के चलते हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है, जो जानलेवा तक हो सकता है। जिसको देखते हुए अब डॉक्टरों ने भी लोगों से सतर्कता बरतने की अपील जारी की है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हीट स्ट्रोक को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। मेडिकल कॉलेज के एमडी मेडिसिन डॉ. प्रकाश खूंटे के अनुसार लू केवल मामूली थकान नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां शरीर का आंतरिक तापमान नियंत्रण तंत्र काम करना बंद कर देता है। डॉ. खूटे ने हरिभूमि को बताया कि जब शरीर भीषण गर्मी को सहन नहीं कर पाता और खुद को ठंडा रखने में असमर्थ हो जाता है, तब शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40C) से ऊपर चला जाता है। यदि समय पर इसका उपचार न किया जाए, तो यह शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है और जानलेवा भी हो सकता है।



### अप्रैल माह में चलने लगी लू

इस बार राजनांदगांव जिले में अप्रैल माह में ही सर्वाधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही दोपहर से शाम तक गर्म हवाएं चलने लगी है। लू के मरीज अभी से सामने आने लगे हैं। यही कारण है कि डॉक्टरों ने लोगों को सतर्क रहने कहा है।

### लू लगने के लक्षण

तेज सिरदर्द और चक्कर आना, त्वचा का लाल, गर्म और सूखा होना, जी मिचलाना या उल्टी होना, मांसपेशियों में कमजोरी और ऐंठन, गंभीर मामलों में बेहोशी या भ्रम की स्थिति निर्मित होती है।

### बचाव के प्रभावी उपाय

प्यास न लगने पर भी थोड़े-थोड़े अंतराल में पानी, ओआरएस, नींबू पानी या छाछ का सेवन करें, सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच जब धूप सबसे तेज होती है, घर के अंदर रहने की कोशिश करें, हल्के रंग के, ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें, बाहर निकलते समय सिर को टोपी, स्कार्फ या छाते से ढंके, घर से निकलते समय कुछ खाकर और पानी पीकर ही निकलें। मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी और खीरा का सेवन बढ़ाएं।

### करें यह उपाय

डॉक्टरों का कहना है कि लू लगने पर मरीज उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाएं, शरीर से कपड़े हटा दें और ठंडी हवा दें, शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें, अगर हो सके तो ठंडा पानी धीरे-धीरे पिलाएं, बेहोशी या गंभीर स्थिति में तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

### दो दिन परिवर्तन के आसार नहीं

मौसम विभाग के अनुसार एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना के ऊपर 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 18 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। बस्तर संभाग के दक्षिणी हिस्से में गरज-चमक की स्थिति सम्भावित है।

### 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू : मनोज

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुआ है। श्री निर्वाणी ने जानकारी दी कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू हो चुका है। इस निर्णय से राजनीति में महिलाओं की भूमिका 33 प्रतिशत बढ़ जाएगी और देश की आधी आबादी को नीति-निर्माण में सीधी भागीदारी मिलेगी। यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में मोदी की सरकार का महिलाओं को दिया गया सबसे बड़ा उपहार है।



### कबाड़ में तब्दील हो गए वॉटर कूलर, टंकी है पर पानी नहीं

# जनसहयोग पर फिरा पानी: शहर में वाटर कूलर बंद, राहगीर प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हफीज खान

**राजनांदगांव।** शहर के बाजार क्षेत्र में आने वाले लोगों, स्थानीय मजदूरों के लिए जनसहयोग के माध्यम से विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शहर के लगभग आधा दर्जन जगहों पर वाटर कूलर लगाया, जो देखरेख के अभाव में बंद होकर कबाड़ में तब्दील हो गए हैं। इन वाटर कूलर में टंकिया तो है, पर पानी नहीं है।

शहर की आम जनता को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न समाजसेवा संस्थाओं के सहयोग और नगर निगम के माध्यम से वाटर कूलर लगाया गया है। बताया जा रहा है कि वॉटर कूलर के लिए टंकी में पानी भरने नल पाईप लाइन के जरिये व्यवस्था की गई थी। जिसमें से अधिकांश नल अब बंद पड़े हैं। वहीं टंकी में पानी नहीं आने के चलते वॉटर कूलर का उपयोग नहीं हो पाया और असामाजिक तत्वों द्वारा इसमें लगे नल तोड़ दिए गए। जिससे अब यह वॉटर कूलर कबाड़ हो गया है।




### फ्लाई ओवर के नीचे तीन वाटर कूलर बंद

शहर के पुराना बस स्टैंड चौक से अंबेडकर चौक तक फ्लाई ओवर के नीचे चार वॉटर कूलर लगाए गए, ताकि शहर में आने वाले लोगों को निःशुल्क पेयजल सुविधा मिल सके, लेकिन इसमें से पुराना बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस चौक और अंबेडकर चौक में लगा वॉटर कूलर महीनों से बंद पड़ा हुआ है। वहीं भगत सिंह चौक में लगा वॉटर कूलर चालू तो है, लेकिन इसमें लगी मशीन खराब हो गई है। जिसके चलते यहां से लोगों को ठंडा पानी नहीं मिलता है। इसी तरह शहर के रेलवे स्टेशन के समीप भी लगे वॉटर कूलर की कूलिंग मशीन खराब हो गई है। जिससे यहां ठंडा पानी नहीं आता है।

### सार्वजनिक पेयजल सुविधा नहीं


गर्मी के दिनों में शहर में जगह-जगह लगने वाले प्याऊ घरों की संख्या भी धीरे-धीरे कम होती चली गई। अब शहर में एक-दो संस्थाओं द्वारा ही प्याऊ घर लगाया जाता है। वहीं सार्वजनिक निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था शहर में नहीं होने के चलते बाहर से आने वाले लोगों को दिक्कत होती है। शहर के लखोली निवासी विचार साहू और भटगांव निवासी बोधराम साहू ने कहा कि बाजार में कहीं भी सार्वजनिक पानी पीने की सुविधा नहीं है। फ्लाई ओवर के नीचे लगा वॉटर कूलर भी खराब हो गया है। जिससे आसपास के होटल में पानी मांगकर पीना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को दुरूस्त रखने के लिए सरकारी तंत्र को काम करना चाहिए।

### मेन्टेनेंस का अभाव

भगत सिंह चौक पर लगे वॉटर कूलर को लेकर जिला परिवहन संघ के राजू मेदी ने कहा कि उनके संघ द्वारा यहां पर वॉटर कूलर लगाकर दिया गया था, लेकिन कुछ महीना पहले यहां पर पाईप लाइन खोदे जाने से वॉटर कूलर में पर्याप्त पानी नहीं आता है। वहीं उन्होंने कहा कि टंकी की साफ-सफाई भी निगम के माध्यम से नहीं कराई जाती है।

### शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को ले भागा, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में अज्ञात आरोपी द्वारा 12 मार्च को एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका एवं आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत विवेचना के दौरान बालिका के बिरकोनी जलि महासमुंद में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को आरोपी राजकुमार वर्मा 21 वर्ष के कब्जे से बिरकोनी जलि महासमुंद से बरामद किया गया।






## खबर संक्षेप

### महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदमः इंद्राणी चन्द्रवंशी



**हरिभूमि कवर्धा।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में देश में लागू 33 प्रतिशत महिला आरक्षण एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है, जो महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। जिस पर श्रीमती इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा ने बताया कि सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र से पांच महिलाओं को दिल्ली संसद भेजने के लिए व्यक्त किए गए विश्वास में मेरा नाम भी सम्मिलित किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए सांसद का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे कबीरधाम जिले की माताओं-बहनों एवं समस्त क्षेत्रवासियों का गौरव है।

### महंगाई की मार से आम जनता परेशान

**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती महंगाई से आम नागरिकों का जीवन कठिन होता जा रहा है। रोजमर्रा जरूरतों की चीजें गैस सिलेंडर व घरेलू उपयोग की सामग्री तथा मकान निर्माण कार्य के सामग्री जैसे सरिया, सीमेंट और के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की बजट बिगड़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के पास महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस आर्थिक नीति नजर नहीं आ रही है, चुनाव के समय किए गए वादों के विपरीत, अब महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता को कोई राहत नहीं मिल रही है। जिस पर आम नागरिकों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाकर महंगाई पर नियंत्रण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं राजयोग कैम्प का आयोजन 19 अप्रैल को

**हरिभूमि कवर्धा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र शिव ज्योति भवन कवर्धा अपने अनण्य ब्रह्माकुमार स्व. डॉ ईश्वर साहू के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर उनके पैतृक निवास स्थान ग्राम पनेका में 19 अप्रैल रविवार प्रातः 11 से सायं 05 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला भवन पनेका में 01 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं राजयोग मेडिटेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उपलब्ध अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगों की जांच उपचार एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया जाएगा। इस शिविर में स्वेच्छा से निःस्वार्थ सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। जिसमें डॉ एनके यदु वरिष्ठ नाक, कान, गला, रोग विशेषज्ञ, डॉ सिद्धांत नितिन जैन (मेडिसिन फिजिशियन आईसीयू), डॉ बिसेन सिन्हा एनेस्थिसिया चिकित्सक, डॉ प्रांजल जैन फंक्बर, हड्डी रोग एवं जोड़, प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉ नीरज इंडारे हृदय रोग चिकित्सक, डॉ दीपेश चन्द्रोल आयुर्वेदिक चिकित्सक, डॉ धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ अर्चना कश्यप स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति विशेषज्ञ, डॉ मयंक नाहटा दंत चिकित्सक उपलब्ध होगें। जिस पर राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी नीलेश्वरी दीदी व राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गोमती बहन ने उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निःशुल्क राजयोग शिविर का लाभ उठाने अपील की गई।

NAME CHANGE OF A MINOR

I, DURGESH KUMAR KHOBRAGADE S/O KANHAIYA LAL R/o-Ward Num 4, ravidas nagar, kawardha, PO: kawardha, DIST Kabeerdham, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor son RISHABH KHOBRAGADE aged 8 months and he shall hereafter be known as REYANSH KHOBRAGADE.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

DURGESH KUMAR KHOBRAGADE
[Signature of Guardian]

## जिले के वनांचल क्षेत्र में 121.76 किलोमीटर के सड़कों का बिछेगा जाल

# जिलों को 166 करोड़ की सड़क पुल पुलिया निर्माण की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में 166 करोड़ की लागत से 55 बारहमासी सड़कों और 12 वृहत पुल पुलिया निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (चतुर्थ चरण) तथा पीएम जनमन योजना के सड़कों एवं पुल पुलिया के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थें। यह अभूतपूर्व अवसर है जब एक साथ वनांचल क्षेत्र में बड़ी संख्या में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ है। इससे कबीरधाम के 56 गांवों तक पहली बार पक्की सड़क पहुंचेगी। पक्की सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य मूलभूत सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच बेहतर होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले के पीजी कॉलेज डोम में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े और जिलेवासियों को विकास कार्यो की इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला मजबूत सड़क व्यवस्था होती है। जब गांव बारहमासी सड़कों से जुड़ते हैं, तभी वहां विकास के नए रास्ते खुलते हैं और देश प्रगति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि गांवों तक सड़क पहुंचने से केवल आवागमन ही आसान नहीं होता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर प्रदेश को नई पहचान दी। इसके साथ ही उन्होंने देश के गांवों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की। उनका मानना था कि सड़क के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है, क्योंकि भारत गांवों का देश है और देश की आत्मा गांवों में बसती है। इसी दूरदर्शी सोच के साथ गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल की गई। उन्होंने कहा कि आज उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि जिले में सड़कों के विस्तार से न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। गांवों तक बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। इस दौरान रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया।

#### ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत बनाने सड़क निर्माण कार्य किए जा रहे



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर सड़क निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में पूरे प्रदेश में एक साथ नए 774 सड़के बनने जा रही है जिनकी कुल लंबाई 2427 किलोमीटर है। इसमें कवर्धा जिले में 121.76 किलोमीटर के 55 सड़क और 12 वृहत पुल पुलिया शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन सड़कों का आज भूमिपूजन हुआ है, उनका निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ने की दूरदर्शी योजना बनाई थी, जिसके परिणामस्वरूप आज देश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़क पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने का कार्य लगातार जारी है। साथ ही पीएम जनमन योजना के तहत सुदूर वनांचल क्षेत्रों और विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहटों तक सड़क पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

## जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित 10 कर्मचारियों को थमाया नोटिस



■ दो दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने कहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनगणना कार्यक्रम-2027 के तहत कबीरधाम जिले में कर्मचारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर प्रशिक्षण कार्य को गंभीरता से सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशिक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 10 कर्मचारियों के विरुद्ध संबंधित तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारियों द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जनगणना कार्य में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जारी आदेश के अनुसार कवर्धा तहसील अंतर्गत सुदर्शन चंद्रवंशी, मनीषा ठाकुर, मंजू चंद्रवंशी, नीलम तिवारी, अमित साहू, पदमा ठाकुर एवं सुधा यादव तथा सहसपुर लोहारा तहसील अंतर्गत बुधसिंह मेरावी, दानेश्वरी उईके एवं दुर्गेशनंदन साहू को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित कर्मचारियों द्वारा निर्धारित समयावधि में बिना किसी सूचना के प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई, जो कि भारत की जनगणना जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। यह कृत्य जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के विपरीत होने से दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नोटिस प्राप्ति के 02 दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में जनगणना अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की होगी।

## संकुल सुकली-गोविंद में विदाई समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखंड पंडरिया के संकुल केंद्र सुकली-गोविंद में प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक श्री पात्रे का सेवानिवृत्ति एवं श्री चंद्राकर का प्रधान पाठक पदोन्नति एवं व्याख्याता हरीश वैष्णव के स्थानांतरण पर उन्हें संकुल केंद्र मुख्यालय सुकली गोविंद में संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। जिसमें उन्हें शाल, श्रीफल व पेन एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरेवा में पदस्थ प्रधान पाठक लेखराज साहू का संकुल आगमन पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विदाई हो रहे सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना अनुभव शिक्षकों के बीच रखा, वहीं पर संकुल प्राचार्य प्रवीण गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संकुल प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल के समस्त शिक्षकों के सहयोग से काफी अच्छा क्रियान्वित हो रहा है, शासन के समस्त कार्य योजना एवं शिक्षकीय कार्य समय पर पूर्ण हो रहा है जिसके लिए समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ आगे भी इसी तरह के सहयोग बनाए रखने की अपील की। संकुल प्राचार्य रोहित साहू ने भी अपने उद्बोधन में सुकली-गोविंद एवं पंवरजली के अनुभव को सकारात्मक रूप से शिक्षकों के बीच रखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक विकास शिक्षा अधिकारी रामचंद्र साहू ने समस्त शिक्षकों को कर्म करने पर बल देने की बात कही। उन्होंने श्रीराम चरित मानस के चौपाई का बखान भी किया, कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वय मनमोहन सिंह ठाकुर एवं संचालन श्री देवांगन द्वारा किया गया।

## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन से आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



ग्राम कान्हाभैरा में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। ग्राम कान्हाभैरा में यादव परिवार द्वारा स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक पं प्रशांत शर्मा ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में सच्ची संतुष्टि भगवान में मन लगाने से ही मिलती है। उन्होंने बताया कि मोह का त्याग ही मुक्ति का मार्ग है और मनुष्य को भगवान श्रीकृष्ण के नाम में मन लगाना चाहिए।कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया गया और श्रोताओं के कल्याण की कामना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ श्रवणपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

### हेमचंद विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दुर्ग हेमचंद विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2025-26 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। जिसमें विश्वविद्यालय ने एमकॉम प्रथम सेमेस्टर का ओवरऑल परिणाम 73.86 प्रतिशत रहा है। वहीं दुर्ग हेमचंद विश्वविद्यालय के वेबसाइड पर जारी किया गया।

## जिले के 6 खिलाड़ियों का बेसबॉल, सॉफ्टबॉल शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन, खिलाड़ियों में उत्साह



कवर्धा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69वी शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल मिनी एवं जूनियर वर्ग साथ ही सॉफ्टबॉल मिनी बालक-बालिका वर्ग के प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम से नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से तान्या सिन्हा, दीक्षांत यादव, मयंक टंडन, चंद्रेश कोर्राम, लक्ष्य लांझी का बेसबॉल मिनी एवं जूनियर वर्ग में वही गुनिस्का जांगड़े का सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में कुल 06 खिलाड़ियों का चयन हुआ है साथ ही कोच के रूप में व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस, राजा जोशी को नियुक्त किया गया। जिस पर अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन बिलासपुर एवं रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिए थे और अपने टीम को पदक लगाने में अहम भूमिका निभाए थे, जिसके आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया जो कबीरधाम जिले के लिए गौरव को बात है। अकेडमी के 06 खिलाड़ियों का सॉफ्टबॉल बेसबॉल खेल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, निज सहायक गजराज सिंह ठाकुर, निज सहायक नरेंद्र मानिकपुरी, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल के संचालक पवन देवांगन, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## वनांचल में बिछेगा सड़कों का जाल, 57 करोड़ 93 लाख की लागत से सड़क निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा/पंडरिया

वनांचल क्षेत्रों के विकास को नई गति देते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी क्रम में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 57 करोड़ 93 लाख 32 हजार रुपए की लागत से 57.415 किलोमीटर लंबाई की कुल 27 बहुप्रतीक्षित सड़कों का भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार वनांचल, आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। वहीं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों का मुख्य मार्गो से सीधा जुड़ाव होगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक ग्रामीणों की पहुंच आसान होगी। उन्होंने आगे कहा कि सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि विकास की आधारशिला होती हैं। सरकार का लक्ष्य है कि पंडरिया के हर गांव तक पक्की सड़क, स्वच्छ पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जाएं। इन 27 सड़कों में प्रमुख मार्गो में भेलकी मुख्य मार्ग से चुलटोला, बोहिल रोड से झुमर, दमगढ़ से लुढूटोला, बिरहुलडीह से कालू, जखना रोड से धोबे, छिंदीडीह से टिकराटोला, केसमरदा रोड से गाडासरई, भैंसाडबरा से भंदराटोला, देवसरा रोड से पंडरीपथरा, बांगर रोड से एरुंगटोला सहित अन्य कई मार्ग शामिल हैं। इन निर्माण कार्यो से न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। पंडरिया विधानसभा अब तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है, जहां हर गांव को मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

#### पंडरिया विधानसभा के हर गांव और घर तक विकास की रौशनी पहुंच रही : भावना

विधायक ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के समग्र विकास के लिए सड़क कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। सड़कें केवल रास्ते नहीं बनातीं, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि की नई राह खोलती हैं। हमारा संकल्प है कि पंडरिया के हर गांव और घर तक विकास की रौशनी पहुंचे। हर घर तक पक्की सड़कें,स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त बिजली,मूलभूत सुविधाएँ और किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी की पहुंच सुनिश्चित हो सके और इस दिशा में हम निरंतर आगे बढ़ रहें हैं। आज छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार सरकार के सहयोग से पंडरिया में विकास कार्यो को नई गति मिली है। आने वाले समय में भी क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जनसुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार कार्य किए जा रहे है।

### पीएम सड़क का भूमि पूजन, ग्रामीणों में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम भट्टरूसे से कंझेटा और सोमनापुर से मोतेसरा तक बनने वाली प्रधानमंत्री सड़क का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सरपंच डॉ संतोष नेताम के नेतृत्व मंस आयोजित किया गया। इस अवसर पर हेमलाल यादव, सुखचैन ध्रुव, भूपेंद्र ठाकुर सहित पंचायत के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें। ग्रामीणों ने बताया कि इस पीएम सड़क निर्माण कार्य के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे। वहीं सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन से न केवल गांव बल्कि आसपास क्षेत्रों के राहगीरों को भी लाभ मिलेगा। यहां बताना लाजिमि होगा कि यह पीएम सड़क क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा की पहल से स्वीकृत हुई है, जिसके लिए जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी व क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया।

## पानी टंकी होने के बावजूद ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। गांव में पानी टंकी होने के बावजूद पूरे क्षेत्र में पर्याप्त पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम की बड़ी आबादी के लिए केवल एक टंकी पर्याप्त नहीं है। पानी की मोटर भी नियमित रूप से काम नहीं कर पा रही है, जिससे दिन में केवल आधे से एक घंटे ही पानी मिल पाता है। इसके कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। बताया जाता है कि हैंडपंप की स्थिति भी खराब है, वार्ड क्रमांक 01 का हैंडपंप लंबे समय से खराब है और पानी लालीपन आ रहा है, जिससे उपयोग में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। वहीं क्षेत्रवासियों ने ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द एक और बोर खनन कराया जाए और हैंडपंप की मरम्मत की जाए, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके।



**खबर संक्षेप**

## अश्वनी मिर्चे को मिली पीएचडी की उपाधि



**स.लोहारा।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा संस्कृत विषय में ग्राम भैसबोड़, विकासखंड सहसपुर लोहारा के निवासी अश्वनी मिर्चे को डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। अश्वनी मिर्चे ने कला संकाय के अंतर्गत मध्यसिद्धान्तकौमुद्यां लोकतत्त्वानाम् अनुशीलनम् विषय पर अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित जेआरएफ एवं एसआरएफ फेलोशिप प्राप्त कर यह शोध कार्य पूर्ण किया। उनका शोध कार्य डॉ. बहुरन सिंह पटेल, विभागाध्यक्ष (व्याकरण), शासकीय दूधाधारी राजेश्री महन्त वैष्णवदास स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अश्वनी मिर्चे की इस उपलब्धि से शासकीय संस्कृत महाविद्यालय परिवार एवं उनके गृह ग्राम भैसबोड़ में हर्ष का माहौल है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों, माता-पिता, बड़े भाई मनीष मिर्चे, पत्नी तथा समस्त भाई-बहनों को दिया। इस उपलब्धि पर उनके इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**अनदेखी: गणित जो कागजों में फिट, जमीन पर गायब**

# जिले के छात्रावासी छात्रों के हक पर सिस्टम डाल रहा डाका?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित और अनुदान प्राप्त छात्रावास-आश्रमों में रहने वाले आदिवासी बच्चों के निवाले और बुनियादी सुविधाओं पर भ्रष्टाचार का ग्रहण लगा हुआ है। शासन द्वारा प्रति छात्र 1500 रुपए प्रतिमाह की दर से दी जाने वाली शिष्यवृत्ति में बड़े पैमाने पर बंदरबांट की शिकायतें सामने आ रही हैं। नियम कहते हैं कि अवकाश के दिनों की बचत राशि छात्रों को मिलनी चाहिए, लेकिन हकीकत में यह राशि अधिकारियों और अधीक्षकों की मिलीभगत की भेंट चढ़ रही है।

नियमानुसार, 1500 रुपए की शिष्यवृत्ति को दो हिस्सों में बांटा गया है जिसके तहत 1275 रुपए: भोजन और नाश्ते के लिए तथा 225 रुपए की राशि तेल, साबुन, टूथब्रश और अन्य प्रसाधन सामग्री के लिए जारी की जाती है। इस प्रकार प्रतिदिन के हिसाब से एक छात्र पर 50 रुपये खर्च का प्रावधान है। विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि यदि छात्र अवकाश (दशहरा, दीपावली, शीतकालीन अवकाश या स्थानीय पर्व) पर घर जाता है, तो उन दिनों की बची हुई राशि या तो उसे नगद दी जाए या उसकी आवश्यकता अनुसार वस्तु के रूप में प्रदान की जाए।

एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है कि मार्च के महीने से ही परीक्षाओं के चलते छात्रावासों में उपस्थिति कम होने लगती है। कक्षा 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं के छात्र परीक्षाएं समाप्त होते ही अपने गांव लौट जाते हैं। नियमों के उलट, कई छात्रावासों में मार्च और अप्रैल माह की सौ फीसदी उपस्थिति दिखाकर पूरी राशि का आहरण कर लिया जाता है। दशहरा, दिवाली और नवाखाई जैसे पर्वों को मिलाकर एक छात्र साल में औसतन एक से डेढ़ माह छात्रावास से बाहर रहता है। इस अवधि की बचत राशि का कोई हिसाब-किताब छात्रों या उनके पालकों के पास नहीं है।

### निरीक्षण में उच्च अधिकारियों की ढिलाई




उच्च स्तरीय अधिकारियों का दौरा केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहता है, जिससे भ्रष्टाचार की जड़े गहरी हो गई हैं। शासन की इस मोटी रकम को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए छात्रों की उपस्थिति बायोमेट्रिक या फोटो आधारित हो। हर छात्रावास के बाहर प्रतिमाह प्राप्त राशन और शिष्यवृत्ति का विवरण सार्वजनिक किया जाए। हर महीने पालकों को उनके बच्चे के हक की राशि और सामग्री का लिखित हिसाब दिया जाए। यदि समय रहते इस सिस्टम की सफाई नहीं हुई, तो आदिवासी विकास के नाम पर आने वाला पैसा केवल फाइलों में ही दौड़ता रहेगा और असल हकदार बच्चा बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसता रहेगा।

### पारदर्शिता के नाम पर की जा रही सिर्फ खानापूर्ति

सवाल यह उठता है कि क्या विभाग हर महीने इस बात की निगरानी करता है कि छात्रों को 225 रुपए की प्रसाधन सामग्री मिली या नहीं जानकारी के अनुसार छात्रों और उनके पालकों को कभी भी इस राशि का लिखित विवरण नहीं दिया जाता। सूत्रों के अनुसार यह भी बताया जाता है कि विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में अधीक्षक द्वारा बोगस उपस्थिति दर्ज कर प्रायः पूरी राशि निकाल ली जाती है।

## हनुमान मंदिर में मूर्ति खंडित होने की खबर निकली झूठी पुलिस ने बताया भ्रामक

- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित लवारी परिसर के हनुमान मंदिर में मूर्ति खंडित होने की सोशल मीडिया पर वायरल खबर को कवर्धा पुलिस ने पूरी तरह झूठी और भ्रामक बताया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मंदिर में स्थापित हनुमान प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित है और उसमें किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर इस तरह की भ्रामक जानकारी फैलाकर लोगों में भ्रम और तनाव पैदा करने की कोशिश की गई। हालांकि, पुलिस अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि इस अफवाह को फैलाने वाले लोग कौन हैं और घटना के करीब तीन दिन बाद भी ऐसे तत्वों की पहचान या गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इधर, इस पूरे मामले में एक और पहलू सामने आया है।



स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि लवारी परिसर स्थित मंदिर में स्थापित हनुमान प्रतिमा से चांदी का मुकुट चोरी हो गया है। हालांकि, इस संबंध में भी पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि या बयान सामने नहीं आया है। यदि मुकुट चोरी की घटना वास्तव में हुई है, तो अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना भी सवाल खड़े कर रहा है। वहीं, लगातार फैल रही अफवाहों और स्पष्ट जानकारी के अभाव में आमजन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इन परिस्थितियों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जहां एक ओर पुलिस अफवाह को खारिज कर रही है, वहीं दूसरी ओर अफवाह फैलाने वालों और संभावित चोरी के मामले में ठोस कार्रवाई का अभाव चिंता का विषय है। फिलहाल, पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।।

## आरटीई राशि बढ़ाने की मांग को लेकर निजी स्कूलों का विरोध तेज

### काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य, आज हड़ताल




- एसोसिएशन का सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आरटीई (शिक्षा का अधिकार) की राशि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार और छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के बीच चल रही खींचतान अब तेज होती जा रही है। इस विवाद का असर सीधे तौर पर गरीब बच्चों की शिक्षा पर पड़ता नजर आ रहा है, वहीं शासन और एसोसिएशन के इस रवैये को लेकर आमजन में भी असंतोष बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से असहयोग आंदोलन चला रहा है। आंदोलन के तहत निजी स्कूल संचालकों द्वारा शासन और स्कूल शिक्षा विभाग को किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार, 17 अप्रैल को शिक्षकों ने एसोसिएशन के समर्थन में एंबीशन पब्लिक स्कूल, पंडरिया में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने इस माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को और तेज करते हुए 18 अप्रैल, शनिवार को हड़ताल का ऐलान किया है। इसके चलते जिले के सभी निजी विद्यालय बंद रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की संभावना है। एसोसिएशन का कहना है कि आरटीई के तहत दी जाने वाली राशि वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है, जिससे स्कूलों के संचालन में आर्थिक कठिनाइयां आ रही हैं। वहीं, सरकार की ओर से अब तक इस मुद्दे पर कोई ठोस समाधान नहीं निकलने से स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है। फिलहाल, अभिभावकों और विद्यार्थियों को हड़ताल के कारण असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार और एसोसिएशन के बीच कब तक सहमति बन पाती है और इस विवाद का समाधान निकलता है।

## भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें, बिजली कटौती से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले सहित पूरे अंचल में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अप्रैल माह के मध्य में ही तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सुबह से ही तेज और चुभने वाली धूप निकल रही है, जबकि दोपहर होते-होते सूरज की तपिश असहनीय हो जाती है। हालात ऐसे हैं कि मानो आसमान से आग बरस रही हो। इसके साथ चल रही गर्म हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। गर्मी के इस तेवर का असर साफ तौर पर सड़कों पर नजर आ रहा है। दोपहर के समय शहर की सड़कें लगभग सूनी हो जाती हैं और लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन मजदूरों और मेहनतकश लोगों को उठानी पड़ रही है, जो खुले आसमान के नीचे काम कर अपनी आजीविका चलाते हैं। तपती धूप और लू के थपेड़ों के बीच काम करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि लोगों को घरों के अंदर भी राहत नहीं मिल रही। पंखे गर्म हवा दे रहे हैं, जिससे गर्मी और बढ़ती महसूस हो रही है। कूलर का सहारा लेने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि कूलर में लगातार पानी की जरूरत होती है और उसकी व्यवस्था करना कठिन हो रहा है। इसी बीच बिजली व्यवस्था भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग में इजाफा हुआ है, लेकिन आपूर्ति में लगातार बाधा आ रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की व्यवस्थाओं में कमी के चलते बार-बार हो रही बिजली कटौती ने लोगों को और परेशान कर दिया है। बिजली जाने के बाद हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोग गर्मी में बिलबिलाने लगते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अभी से यह स्थिति है, तो आने वाले मई-जून के महीनों में हालात और भयावह हो सकते हैं। ऐसे में प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द ही व्यवस्था सुधारने की मांग की जा रही है, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई, ग्रामीण की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच एक और दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नेउर निवासी दयाराम परस्ते गुरुवार रात अपने समधी के घर गए हुए थे। देर रात वे अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक मोड़ पर स्थित पुलिया के पास उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल के पीछे बैठे दयाराम परस्ते के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा उनका भतीजा घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से मृतक एवं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दयाराम परस्ते को मृत घोषित कर दिया। घायल का उपचार जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भूंसा से भरी माजदा गाड़ी पलटी

एक दूसरे सड़क हादसे में विकास खण्ड पंडरिया के ग्राम मुनमुना के पास भूंसा से भरी एक तेज रफ्तार माजदा गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जाता है कि हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सड़क व पुल निर्माण का हुआ भूमिपूजन, सांसद ने पीएम व सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों और वृहद पुलों का वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस चरण में जिले के लिए 55 सड़कों एवं 12 वृहद पुलों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया, जिन पर कुल 166 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने जिले को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना है और यह कार्य उसी दिशा में एक मजबूत पहल है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों और पुलों के निर्माण से दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा विकास को नई गति मिलेगी। बारहमासी पक्की सड़कें बनने से गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं की पहुंच बेहतर होगी। साथ ही किसानों को अपनी उपज कृषि मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। यह परियोजना विशेष रूप से आदिवासी, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्रों की असंबद्ध बस्तियों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने पर केंद्रित है। इससे न केवल क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।



### श्री संत शिरोमणि सेन जी महाराज की मनाई गई जयंती

**स लोहारा।** श्री संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर पूजा प्रसाद वितरण किया गया एवं भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई। बाजार चौक से मेन रोड जैन मंदिर होते हुए नया बस स्टैंड वापस बाजार चौक. सेलुन प्रतिष्ठान दुकान गवाई या अन्य कार्य बंद करके सुबह 11:00 से भव्य शोभा यात्रा मे सभी लोग बड़े बुजुर्ग महिला बच्चे शामिल होकर भगवान संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती त्यौहार की तरह मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष दिनेश सेन जिला अध्यक्ष मनहरण, डाकेश्वर श्रीवास आदि उपस्थित थे।

### पंजीयन एवं स्वीकृति की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

**कवर्धा।** वर्ष 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत जिले के समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रारंभ कर दी गई है। विभाग द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की लंबित संख्या को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्ताव एवं स्वीकृति लॉक करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। संस्थाओं से पूर्व से लंबित प्रपोजल को लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने के लिए 18 अप्रैल 2026, शासकीय संस्था, जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने के लिए 20 अप्रैल 2026 और जिला कार्यालय द्वारा भुगतान के लिए राज्य कार्यालय को प्रेषित करने के लिए 22 अप्रैल 2026 निर्धारित किया गया है।

**विकास कार्यों की समीक्षा और आगामी योजनाओं के संबंध में हुई विस्तृत चर्चा**

## जिला खनिज संस्थान न्यास की बैठक में बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में आज जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की बैठक आयोजित की गई। डीएमएफ की बैठक में जिले के विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्य योजना और पंचवर्षीय विजन प्लान 2026-27 से 2030-31 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन, शासी परिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत कार्यों का अनुमोदन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य खनिज अन्वेषण न्याय नियम 2025 की जानकारी, जिले के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र का निर्धारण और ऑडिट लेखा परीक्षक द्वारा किए गए ऑडिट कार्य से समितियां को अवगत कराया गया। बैठक में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही विशिष्ट कार्यों की जानकारी से शासी परिषद् को अवगत कराया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, रूपेश जैन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शार्दुल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में डीएमएफ कोष का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि इस कोष से जिले के दूरस्थ और खनिज-प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएमएफ कोष से जिले में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए स्थानीय जरूरतों का ध्यान रखना जरूरी है। कबीरधाम जिले के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत प्राप्त निधियों का बेहतर और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस निधि का उद्देश्य जिले के विकास और जनकल्याणकारी कार्यों में समर्पित करना है, जिससे जिले के हर व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच सके। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की बैठक में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की मांगों को रखा। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसमें पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के लिए योजनाएं, कौशल विकास एवं रोजगार, सतत आजीविका, स्वच्छता, भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई जैसे विषय शामिल थे। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर बनाने की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

